जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 24 जून, 2024




E-BOOK* TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI ARENA DEALERSHIP | FOR BULK ORDER : MAIL AT: BHARAT.MITTAL@MARUTI.CO.IN

**MARUTI SUZUKI AUTHORIZED DEALERS:** AURIC MOTORS PVT LTD.: MANSAROVAR: 8929207471. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: VAISHALI MARG, VAISHALI NAGAR: 9209056789. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: TONK ROAD: 2727000, 7340045958. AJMER ROAD: 4065555, 9660000363. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: ADARSH NAGAR: 4074444, 9549650361. BANIPARK: 0141-4072222, 9549651818. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. CHOMU – 8000206482. PREM MOTORS PVT. LTD.: CORPORATE PARK, GOPAL BARI, AJMER ROAD: 4511111, 9785034000. JAIPUR-VKI, ROAD NO.8: 4411111, 9785023000. SANGA AUTONATION: TONK ROAD: 9057809150, 7734901000. K.P. AUTOMOTIVES PVT. LTD.: TONK: 9549651924. CHAKSU: 9549651926. SHAHPURA: 8696925275. DEOLI: 8696934957. MALPURA: 9549650513. NIWAI: 9667777114. PAOTA: 9549650495. VIRATNAGAR: 6350612446. JAMWA RAMGARH: 6350612727. KTL AUTOMOBILE PVT. LTD.: PHULERA: 7412077062. SAMBHAR: 7412068410. ACHROL: 7412077078. CHOMU: 7412068453. SATNAM MOTOCORP PVT. LTD.: MALVIYA NAGAR: 0141-6765318, 8302290000. CHOMU – 8000206482. VIPUL MOTORS PVT. LTD.: DAUSA: 9773364861. LALSOT: 9773364863. BANDIKUI: 9773364864. MAHWA: 9773364862. MEHANDIPUR BALAJI: 9773364865. UNIARA: 7742944482. PREM MOTORS PVT. LTD.: BASSI: 8058794137. SAWAI MADHOPUR: 07462-220029/8058799005 /8058794181. GANGAPUR CITY: 8058794021. BAGRU: 8058401166. KOTPUTLI: 8058794121. JOBNER: 8058796065. RENWAL: 8058600117. RENWAL-MANJHI: 8058794042. DUDU: 8058406655. PHAGI: 8058403338. KANOTA: 8058794167. TUNGA: 8058794137. FORTUNE CARS: KARAULI: 8875001175/8875005132. HINDAUN: 9214794314/8875007758. SANGA AUTONATION: TONK ROAD: 9057809150, 7734901000. AURIC MOTORS: JHUNJHUNU: 8955664400. NAWALGARH: 8875010548. MANDAWA: 8696543579. BISSU: 7230081692. MALSISAR: 8875010557. GUDHA: 8875009037. UDAIPURWATI: 8696543577. CHIRAWA: 8875009031/32, 8875010550. SINGHANA: 8875009033, 7230081678. PILANI: 8875009034. SUJANGARH: 8875009043. SARDARSHAHAR: 8875911524, 7230081674. RATANGARH: 8875010549, 8875012686, 7230003526. TARANAGAR: 7230016987. RAJGARH: 8875009049/7230016275. BIDASAR: 8875012682. JAMU AUTOMOBILES: SIKAR: (01572) 245515/246219. NEEM KA THANA: 9785644715. FATEHPUR: 01571-231007/9694086541. SRIMADHOPUR: 9694086547. RAMGARH, TEHSIL DANTARAMGARH: 9694086548. TRS: CHURU: 8882899302. DUDI AUTOMOBILES: BIKANER: 0151-2942222, 0151 -3550418, 7412075151. PADAMPUR: 7412075151. AURIC MOTORS: SRIGANGANAGAR: 8955559963. VIJAINAGAR: 8094003518. HANUMANGARH: 9636045222, 9982638509. SANGARIA: 8003098518. RAWATSAR: 8875911529. SURATGARH: 01509-224228, 9982638599. NOHAR: 01555-220485, 8094003519. BIKANER: 0151-2251819, 9636045111. ANOOPGARH: 8094003505. SRI DUNGARGARH: 8003098509. BHADRA: 8003098515. RAISINGH NAGAR: 8875911507. SRIKARANPUR: 8875911501. SANGARIA: 8875010576. TIBBI: 8875012666. SUJANGARH: 8875009043, 8875009036. NOKHA: 8875009041, 8875010555. TRS: CHURU: 8882899302.

*Terms and conditions apply. Creative Visualization. Black Glass on the vehicle is due to lighting effect. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Images used are for illustration purposes only. ^Not available in LXI, VXI MT.

## विचार बिन्दु

जो मनुष्य क्रोधी पर क्रोध नहीं करता और क्षमा कर देता है। वह अपनी और क्रोध करने वाले की महासंकट से रक्षा करता है। –वेदव्यास

# गर्मी हाय गर्मी उफ़ मर्ज़ बढ़ता गया ज्यों-ज्यों दवा की!

हमारे देखते-देखते कितना कुछ बदल गया है! एक ज़माना वह था जब किसी के घर में टेबल फ़ैन होना भी उसके अमीर होने का परिचायक होता था। मुहल्ले में किसी-किसी घर में ही पंखा होता था। फिर वह समय आया जब अमीरों के यहां खस की टट्टियां लगने लगीं। उनकी तो बात ही अलग थी। हरेक की पहुंच में यह विलासिता थी ही नहीं। फिर दौर आया कूलर का। घर के बाहर किसी की खिड़की में कूलर नज़र आता तो देखने वालों की निगाह में गृह स्वामी का कद कुछ और बढ़ जाता। फिर आहिस्ता-आहिस्ता कूलर आम होने लगे और मुहल्ले के अमीर आदमी की पहचान इस बात से होने लगी कि उनके घर की खिड़की में एसी लगा हुआ है। बहुत लोग तो अपने घर की लोकेशन ही यह कहते हुए समझाते कि जिस घर की खिड़की में आपको एसी लगा नज़र आए, वही अपना घर है। वैसे भी वह जीपीएस और गूगल के पदार्पण से पहले का समय था। अब तो किसी को पता बताने की ज़रूरत ही नहीं रह गई है, और इस वजह से भी घर पर एसी लगा होने की ठसक कम हो गई है। असल में अब हालत यह है कि हर घर एसी वाला है।

वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक के ताज़ा सर्वे के अनुसार विगत तेरह बरसों में एसी की हवा खाने वाले भारतीय परिवारों की संख्या में तीन गुना वृद्धि हो गई है, और अब हर सौ में से चौबीस, अर्थात लगभग एक चौथाई परिवारों के पास एसी है। बताया जा रहा है कि भारतीय बाज़ार एसी का दुनिया में सबसे ज़्यादा तेज़ी से बढ़ता बाज़ार है, और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि सन् 2045 से 2050 तक आते-आते भारतीय बाज़ार उस चीन को पीछे छोड़ चुकेगा जिसे आज उसके नौ करोड़ एसी के कारण दुनिया का सबसे बड़ा एसी बाज़ार माना जाता है। वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक ने बताया है कि अभी भारत में जो एसी बेचे जा रहे हैं उनमें से नब्बे प्रतिशत से ज़्यादा के ग्राहक वे हैं जो अपने जीवन का पहला एसी ख़रीद रहे हैं। यही नहीं, एसी की पहुंच अब महानगरों की सीमाओं को लांघ कर छोटे शहरों तक जा पहुंची है। देश की कुल एसी बिक्री का करीब पैंसठ प्रतिशत टियर 3, 4 व 5 के शहरों में हो रहा है।

एसी को लेकर भारतीयों की मानसिकता में भी बहुत बड़ा बदलाव आया है। शुरू-शुरू में लोग कहते थे कि हमें तो एसी सूट नहीं करता है। उनका तर्क यह होता था कि एसी की शीतलता से तेज़ गर्म माहौल में निकलने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। एसी से गुरेज़ का एक बड़ा कारण, भले ही उसे कहा नहीं जाता था, उस पर होने वाले बिजली के भारी खर्च का आतंक भी था। सारी कारें भी कहां एसी युक्त होती थीं? सिनेमा घरों तक में कूलर का होना भी बड़ी बात थी। सिनेमा घरों के विज्ञापनों में सगर्व 'एयर कूल्ड' लिखा जाता था। यह कितना मज़ेदार था कि पर्दे पर बोले जा रहे संवादों और कूलर की घड़-घड़ आवाज़ के बीच सतत प्रतिस्पर्धा चलती रहती थी और इसके बावज़ूद हम कूलर की ठण्डी हवा का आनंद लेते थे। लेकिन अब सब कुछ बदल गया है। अब एसी का होना भी दिखावे और गर्व का विषय नहीं रह गया है। गर्मियों में तो हालत यह होने लगी है कि दुकानदार आपको एसी बेच कर आप पर उपकार करते हैं। अब गरज दुकानदार को नहीं खरीददार को है। चालीस-पचास हज़ार के इस उपकरण के लिए भी कई बार आपको प्रतीक्षा करनी पड़ती है। यह है एसी की डिमाण्ड का ताज़ा हाल। आम जन अक्सर कहते हैं कि इस साल जैसी गर्मी पहले कभी नहीं पड़ी। और यह बात तथ्यात्मक रूप से भी सही है। तापमान हर बरस थोड़ा-थोड़ा बढ़ता जा रहा है, और यह बात कहने की ज़रूरत नहीं है कि चालीस डिग्री सेल्सियस के बाद एक डिग्री तापमान का बढ़ना भी आपको बहुत अखरने लगता है। पता नहीं क्यों हम इस बात की अनदेखी करते हैं कि अपने लिए ठंडक का इंतज़ाम करके हम अपने चारों तरफ की गर्मी में वृद्धि करने का अपराध भी कर रहे हैं। अगर चाहें तोआप कुछ देर के लिए ही सही, एसी के कम्प्रेसर के पास खड़े रहकर मेरी बात की सत्यता का अनुभव कर सकते हैं। इस तरह एक भयंकर दुष्चक्र बनता जा रहा है।

> **आगरा शहर की एक पॉश कॉलोनी (दयाल बाग़) है, जहां संपन्न, शिक्षित और सम्भ्रांत लोग रहते हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस कॉलोनी के एक भी घर में एसी नहीं है। यह भी याद रखें कि आगरा अपने क्रूर तापमान के लिए भी कुख्यात है। फिर भी इस कॉलोनी के लोग, जो एसी को आसानी से अफोर्ड भी कर सकते हैं, केवल पंखों और कूलरों के सहारे आराम की ज़िंदगी जी रहे हैं? ऐसा कैसे मुमकिन है, इस सवाल का जवाब इस बात में छिपा है कि उन्होंने अपने चारों तरफ हरियाली की चादर तान रखी है, जिससे वातावरण नियंत्रण में रहता है।**

हमें गर्मी महसूस होती है इसलिए हम एसी लगाते हैं, एसी गर्मी बढ़ाता है, इसलिए हम और एसी लगाते हैं, वे और गर्मी बढ़ाते हैं, इसलिए हम और एसी लगाते हैं। और इसी दुश्चक्र की परिणति यह भी है कि एसी का बाज़ार ख़ूब फल-फूल रहा है। यह तो एक बात हुई। अब दूसरी बात की तरफ़ भी ध्यान दें। ठंडक देने वाले अन्य उपकरणों जैसे– पंखों, कूलरों आदि की तुलना में एसी अधिक बिजली खाते हैं। तो एसी के बढ़ने का सीधा असर हमारे विद्युत उपभोग पर पड़ रहा है। एक आकलन के अनुसार भारत में ठंडक देने वाले उपकरणों पर देश के कुल विद्युत उपभोग का दस प्रतिशत खर्च हो रहा है। ग़ौर तलब यह बात है कि यह हिस्सेदारी सन् 2019 की तुलना में इक्कीस प्रतिशत बढ़ी है। और कहना अनावश्यक है कि जैसे-जैसे हम ज़्यादा एसी का उपयोग करने लगेंगे उनके कारण हमारा विद्युत उपभोग भी उसी अनुपात में बढ़ेगा। भले ही स्टार रेटिंग की वजह से इन उपकरणों पर अब पहले की तुलना में कम विद्युत खर्च होने लगी है, इस बचत को एसी की ज़्यादा खपत निरर्थक किए दे रही है। दूसरी बात, जिस पर आम जन तो बहुत दूर की बात है जो जानकार और समझदार हैं, वे भी ध्यान नहीं देते हैं, यह है कि एसी में प्रयुक्त होने वाला हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (एचएफ़सी) ओज़ोन परत के लिए बहुत घातक है। भले ही भारत ने एचएफसी को क्रमशः कम करने के लिए मॉण्ट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, बात औपचारिकता से बहुत आगे नहीं बढ़ी है और हम अनजाने में ही सही एसी का अंधाधुंध उपभोग कर ओज़ोन परत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ओज़ोन परत के विदीर्ण होने से क्या नुकसान होते हैं, यह अलग से और विस्तार से चर्चा का विषय है। यहां इतना ही कह देना पर्याप्त होगा कि यह क्षति प्राण घातक है। लेकिन हम इसके प्रति सजग नहीं हैं।

इन सारी बातों के बीच हमारे ही देश के एक शहर की एक कॉलोनी की ख़बर आई है। ताजमहल के लिए विख्यात आगरा शहर में एक कॉलोनी है दयाल बाग़। यह आगरा शहर की एक पॉश कॉलोनी है, जहां संपन्न, शिक्षित और सम्भ्रांत लोग रहते हैं। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इस कॉलोनी के एक भी घर में एसी नहीं है। जी हां। आपने सही पढ़ा कि एक भी घर में एसी नहीं है। यह भी याद रखें कि आगरा अपने क्रूर तापमान के लिए भी कुख्यात है। फिर भी इस कॉलोनी के लोग, जो एसी को आसानी से अफोर्ड भी कर सकते हैं, केवल पंखों और कूलरों के सहारे आराम की ज़िंदगी जी रहे हैं? ऐसा कैसे मुमकिन है, इस सवाल का जवाब इस बात में छिपा है कि उन्होंने अपने चारों तरफ हरियाली की चादर तान रखी है, जिससे वातावरण नियंत्रण में रहता है। तो, एक वे हैं जो पेड़-पौधों के सहारे बग़ैर एसी के बहुत आराम से जी रहे हैं और एक हम हैं जो पेड़ों को काट कर कंक्रीट के जंगल खड़े कर रहे हैं और फिर तपन से निज़ात पाने के लिए एसी लगाते हैं और फिर उस एसी के कारण बढ़ी हुई गर्मी से राहत के लिए एक और एसी लगाते हैं!

इस हालत को देख वह पुरानी कहावत याद आए बग़ैर नहीं रहती है– मर्ज़ बढ़ता गया, ज्यों ज्यों दवा की।

हम ख़ुद अपनी मुसीबत बढ़ा रहे हैं!

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# विज़िटिंग कार्ड को "ना" कहें



दशरथ कुमार सोलंकी

यह विचार अचानक ही आया था। ऑफिस में कोई बैंककर्मी मिलने आए थे। स्वभावत: आते ही उन्होंने अपना विज़िटिंग कार्ड मेरे सामने किया। उस दिन सुबह ही मैंने कागज पर चिंतन करते हुए कुछ लिखा था। पेड़ से बनता है कागज। अर्थात् किसी भी रूप में कागज प्रकृति के विनाश का ही एक परिणाम है। विज़िटिंग कार्ड भी तो अधिकतर कागज से बना होते हैं!

पेड़ कटते हैं, कई जगह प्रयुक्त भी होते हैं। प्रगति के पथ के लिए कई बार पेड़ों को काटना आवश्यक हो सकता है। पर यदि उपयोग की सीमा हो और इस विनाश के परिणामस्वरूप कुछ सृजित होता हो तो न्यूनतम सीमा तक पेड़ काटे जाने को उचित ठहराया जा सकता है। फर्नीचर, औद्योगिक उपयोग या कि कागज, इन सबके लिए वनस्पति प्रयुक्त होती है। सब आधुनिकता के उत्पाद, प्रगति के पैमाने...और उत्सर्ग पेड़ का!

पेड़ कटा, कागज बना। उस पर किसी कवि ने कोई कविता लिखी पेड़ पर, प्रेम पर, संवेदना पर, मानवता पर। उसे पढ़कर भले मानुसों ने कुछ पेड़ लगाए। कविता सार्थक हुई, पेड़ का बलिदान व्यर्थ न गया। नरेश सक्सेना जी ने अपनी कविता में लिखा था –

**लिखता हूँ अंतिम इच्छाओं में**
**कि बिजली के दाहघर में हो मेरा अंतिम संस्कार**
**ताकि मेरे बाद**
**एक बेटे और एक बेटी के साथ**
**एक वृक्ष भी बचा रहे संसार में।**

पर कविताओं में जो लिखा होता, वह घटता नहीं। पेड़ बचाने और पेड़ पनपाने के प्रयास यदि होते हैं तो वे रंग क्यों नहीं लाते? पचास के पास पारा क्यों पहुँचता? मौसम असंतुलित क्यों होते? आपदाएँ इस तरह अचानक और भयानक रूप ले क्यों आतीं? धरती हरी भरी और नभ निरभ्र क्यों नहीं? पवन में कौनसा विष घुला है कि हर सांस में बीमारी काया में प्रवेश कर जाती? नदियाँ सूखी क्यों हैं या सैलाब की शक्ल क्यों ले रही? क्यों त्यागा उन्होंने कलकल गान, कूड़े कर्कट में फँसी है उनकी भी तो जान! तो बात इतनी सी है कि समस्याएँ हज़ार हैं, उनके समाधान का एक ही रास्ता, पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ। यह विचार अरसे से मन-मस्तिष्क में बह रहा था। मेरा ध्यान उन असंख्य विज़िटिंग कार्डों पर गया, जो लोगों ने मुझे दिए। मेरे किसी काम के नहीं थे वे। हाँ, कभी उन पर लिखे मोबाइल नंबर अवश्य काम आते, पर उसके लिए कार्ड को लेना देना कहाँ ज़रूरी है? नंबर मोबाइल में सहेजे जा सकते हैं। कार्ड की उपयोगिता इतनी भी नहीं। बस, स्टेटस सिम्बल की मानसिकता से बाहर आने की ज़रूरत है मात्र। तो इसी भाव प्रवाह में मैंने उन बैंककर्मी के नंबर नोट किए, उन्हें उनका विज़िटिंग कार्ड लौटा दिया। यह कहकर, कि यह कार्ड और कहीं काम आ जाएगा। यह भी, कि यदि संभव हो तो भविष्य में आप कार्ड मत छपवाना। कार्ड न छपवाकर आप पेड़ या उसकी एक डाली बचाएँगे। एक पेड़ बचेगा तो हमारी साँसें बचेंगी। गौरैया, गिलहरी बचेगी। छाँव बचेगी, ऋतुएँ बचेंगी, उनमें वसंत भी बचेगा। प्रेम और संवेदना बचेगी।

यद्यपि कुछ संस्थाओं और कंपनियों द्वारा रीसाइक्लिंग से विज़िटिंग कार्ड बनाये जाने को प्राथमिकता दी जाती हैं, इसलिए उस स्थिति में पर्यावरण को कोई नुक़सान नहीं पहुँचता। यह उचित भी है, परंतु सर्वाधिक उचित तो यह होगा कि हम विज़िटिंग कार्ड को प्रयुक्त ही न करें। रीसाइक्लिंग भी अंतत: कोई मशीनी प्रक्रिया ही है। प्राचीन तिब्बती संस्कृति में ऐसी मान्यता थी कि यंत्रों के घर्र घर्र नाद से देवताओं को पीड़ा पहुँचती है। यह कोई आसमानी देवता नहीं, प्रकृति की उजास के झिलमिलाते देवता हैं ये, अनंत शांत निसर्ग से आशीष बन झरते देव हैं वे। हमारे प्राणों की हेतु प्रत्यक्ष प्रकृति, इसी में समाहित समस्त देवत्व। यंत्र मनुष्य की प्रगति और आधुनिकता के वाहक है, पर प्रकृति से सामंजस्य के साथ मशीन का अल्प व आवश्यक उपयोग ही मानवता को शांति और सुकून दे सकेगा। विज़िटिंग कार्ड एक शुरुआत भर है, अंतत: मानवता को वहाँ पहुँचने का भाव धारण करना चाहिए जहां मनुष्य के किसी भी कार्य से परिवेश की असीम शांति भंग न हो। ऐसी ही चाह पर कविता बनी थी, उसका एक अंश इस तरह है –

**आवाज़ से ख़लल पड़ता है**
**निसर्ग की शांति में**
**इसलिए मौन साधना चाहता हूँ मैं**
**जब से महसूस किया मैंने**
**मेरी उपस्थिति से अवरुद्ध होती हवा की गति**
**अपनी अनुपस्थिति की प्रार्थना करने लगा हूँ प्रभु से**
**एक परछाई जितनी लम्बी**
**धूप को भी रोका मैंने जब-तब**
**किरणों ने तो कोई शिकायत नहीं की**
**पर मेरी लज्जा घनीभूत न हो**
**इतना कृतघ्न कैसे हो सकता था ?**
**जहां खड़ा हुआ मैं, बैठा**
**कुछ माटी दबी होगी**
**रजकणों ने जतलाया फिर भी नहीं कोई अहसान**
**मेरी प्यास के हवाले कितना पानी हुआ होगा**
**जीवनभर**
**किसके हिस्से की नमी सोखी होगी मैंने**
**रुक्षताओं का भागी बना इस तरह**
**एक टुकड़ा आसमान**
**जब से मेरे हिस्से आया**
**अनंत शून्य के विखंडन का उत्तरदायी बना मैं**
**क्षति, जल, पावक, गगन, समीर**
**सबके अस्तित्व पर मेरी छाया रही है**
**मेरी काया के आकार से, भार से**
**दिया कम, अनंत गुना करता रहा हासिल**
**ओ पंचभूतो !**
**आज से चेतना के सारे अर्थ तुम्हारे हवाले**
**आत्मा के सारे अंश समर्पित तुम्हें**
**मन के प्रपंच जो हैं बहुतेरे, वो मेरे**
**पर उसके उजास के निहितार्थ तुम्हें सौंपता हूँ**
**काया किंचित उद्देश्यों के लिए बचाए रखता हूँ अभी**
**असीम अवदानों से उऋण हो जाऊं जब**
**आना तुम सब**
**देह की नश्वरता पर अपने हस्ताक्षर मांड जाना....**
**उस दिन के लिए**
**मैं लिखकर बचाना चाहता हूँ**
**अनंत के सामीप्य का मधुरकाव्य**
**ताकि विछोह का शोकगीत न बांचे कोई......**

एक पेड़ लगाना हम सबका दायित्व है। एक पेड़ को प्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से बचाना इसी दायित्व का भाग है। हमें पता करना चाहिए, कैसे पेड़ बच सकते हैं। ऑफिस कागजरहित हो रहे, कविता सीधे ही स्क्रीन पर टाइप होकर सुरक्षित हो जाती। ठीक है कि कुछ नुकसान होंगे कंप्यूटर मोबाइल के, पर लाभ भी तो अनगिनत हैं। संख्यात्मक और बौद्धिक लाभ छोड़ भी दें तो मुझे इनका सबसे बड़ा लाभ यह दिखता है कि इन्होंने कागज पर हमारी निर्भरता कम की है। मैं पेड़ के प्रेम में हूँ, प्रकृति मेरे स्वभाव में समायी है, तो मेरा सारा गुणा-भाग या चिंतन पेड़ के परिप्रेक्ष्य में ही रहता। इसलिए पेड़ लगाने और पेड़ बचाने के हर विकल्प को अपनाने की ओर हमें अग्रसर होना ही पड़ेगा। विज़िटिंग कार्ड से मुक्ति पेड़ों को विनष्ट होने से बचाने का एक छोटा सा विकल्प है। वस्तुत: यह मानसिकता के रूपांतरण का ही एक प्रकल्प हो सकता है। यह एक प्रस्थान बिंदु की तरह है। मैंने उन बैंक वालों को समझाया, समझ गए वे। मैं हर उस आगंतुक को यह समझाता हूँ, जो विज़िटिंग कार्ड आगे करता है। वह समझ जाता है। एक संकल्प को उसकी दृष्टि में उतरते हुए देखता हूँ। संकल्प, कि वह अब नहीं छपवाएगा ऐसे कार्ड, जिससे प्रकृति की पुलक पर चोट पहुँचे। मोबाइल नंबर तो यूँ भी दिये जा सकते हैं। स्टेटस कार्ड से नहीं, व्यवहार और कर्म से निर्मित होगा, यह समझना मन में सुकून उत्पन्न करता है। एक पेड़ को बचाने के लिए आइए, विज़िटिंग कार्ड फ्री ऑफिस की कल्पना को अपने संकल्प से साकार करें। विज़िटिंग कार्ड को 'ना' कहें।

**–दशरथ कुमार सोलंकी,**
**निदेशक वित्त**
**जोधपुर विकास प्राधिकरण,**
**जोधपुर**

# 1980 से लेकर अभी तक क्रमोन्नत नहीं हुआ अड्डा गांव का प्राथमिक स्कूल

## एक दशक से स्कूल को सीनियर सैकेंडरी स्तर तक क्रमोन्नत करने की मांग कर रहे हैं ग्रामीण

- **करीब तीन हजार की आबादी वाले अड्डा गांव में केवल राजकीय प्राथमिक स्कूल होने से शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है**
- **पांचवी कक्षा के बाद गांव के बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए दो किलोमीटर दूर दूसरे गांव में जाना पड़ता है**
- **विशेषकर बालिकाएं पांचवी के बाद स्कूल नहीं होने से मजबूरी में अपनी पढाई बीच में ही छोड़ देती हैं**

**सूरौठ,** (निसं)। तहसील के समीपवर्ती नहरा क्षेत्र के सबसे बड़े गांव अड्डा में स्थित राजकीय प्राथमिक स्कूल 44 साल बाद भी क्रमोन्नत नहीं हो पाया है। पिछले एक दशक से ग्रामीण लगातार स्कूल को सीनियर सैकेंडरी स्तर तक क्रमोन्नत करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन के स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है। करीब तीन हजार की आबादी वाले अड्डा गांव में केवल राजकीय प्राथमिक स्कूल होने से शिक्षा का स्तर गिरता जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त हैं।

स्थानीय ग्रामीण साहब सिंह गुर्जर अड्डा, पूर्व सरपंच मानसिंह, उपसरपंच राजहंस पहलवान नरोत्तम तंवर ने बताया कि पांचवी कक्षा के बाद गांव के बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए 2 किलोमीटर दूर दूसरे गांव में जाना पड़ता है इससे छोटे बच्चों को परेशानी होती है। विशेषकर बालिकाएं पांचवीं के बाद स्कूल नहीं होने से मजबूरी में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती हैं एक तरफ तो सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कर दूसरी ओर मजबूरन पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव अड्डा में राज्य सरकार ने 1980 में राजकीय प्राथमिक स्कूल स्थापित किया था। जिसे अभी तक क्रमोन्नत नहीं किया गया है, जबकि इसके बाद खुले कई स्कूलों को काफी पहले ही क्रमोन्नत किया जा चुका है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की आबादी को देखते हुए अड्डा में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल होना बहुत जरूरी है। गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल को क्रमोत्रत करने की ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक राज्य सरकार ने उनकी सुनवाई नहीं की है। इस दौरान ग्रामीण अतरूप सिंह, पूर्व सरपंच मानसिंह, पूर्व सरपंच कल्याण सिंह, दाताराम, शिवदयाल सैन, किरोड़ी सैन, भगवान सिंह पटेल, कन्हैया पटेल, राधे गोठिया, समय सिंह, रत्ती, खैमीसिंह, महाराज सिंह आदि मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल को क्रमोत्रत करने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम, स्थानीय विधायक बहदुर सिंह कोली से राजकीय प्राथमिक विद्यालय अड्डा को सीनियर सैकंडरी स्कूल में क्रमोन्नत करने की गुहार लगाते हुए ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए सात दिवस में विद्यालय को क्रमोन्नत करने की मांग की है।

# पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने मटकियां फोड़ प्रदर्शन किया

- **आवासीय कॉलोनी की महिलाओं ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा बयां की**
- **मौके पर पहुंची जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता ने महिलाओं को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया**



मालपुरा के अजमेर रोड पर पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने जाम लगाया।

**मालपुरा,** (निसं) नगरपालिका शहरी क्षेत्र के अजमेर रोड आवासीय कॉलोनी में पानी की किल्लत से परेशान महिलाओं ने विभाग की लापरवाही को लेकर रविवार को मालपुरा-अजमेर सड़क मार्ग पर सीआईडी ऑफिस के सामने कंटीली झाड़ियां लगाकर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। आवासीय कॉलोनी की महिलाओं ने बीच सड़क पर मटकियां फोड़ प्रदर्शन करते हुये मौके पर पहुंचे अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा बयां की। महिलाओं ने बताया कि पालिका शहरी क्षेत्र में लाखों रूपये की लागत से आवासीय मकान बनाकर विभाग के नियमानुसार नल कनेक्शन लेकर समय पर बिल का भुगतान करने के बावजूद भी भीषण गर्मी मे पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि दूर-दराज से पानी लाकर अथवा मुंह मांगे दामों में पानी के टैंकर डलवाकर रोजमर्रा के कार्य करने पर विवश होना पड़ रहा है। यहां तक कि कई आवासीय कॉलोनियों में तो विभाग द्वारा लाईनें तो डाली गई लेकिन उनमें सुचारू पेयजल आपूर्ति की व्यवस्थाएं नहीं की गई। लम्बे समय से पानी की समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। महिलाओं ने बताया कि पानी जैसी मूलभूत सुविधा के लिये उन्हें भटकना पड़ रहा है। शहरी क्षैत्र में नौ करोड़ रूपयों की लागत से नवीन टंकियों का निर्माण व पेयजल की नई लाईनें डालने के बावजूद आवासीय कॉलोनियों में सुचारू पेयजल आपूर्ति नहीं होना कई तरह के सवालों को जन्म दे रहा है। करोड़ों रूपये खर्च होने व शहर में 6 टंकियां बनने के बावजूद पेयजल समस्या का समाधान नहीं होना किसी बड़े आश्चर्य से कम नहीं है। वहीं मुख्य सड़क पर जाम लगने से सड़क के दोनों और वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। पुलिस अधिकारियों की समझाईश पर भी महिलाओं ने जाम नहीं हटाया।

मौके पर पहुंची जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता हंसा चौधरी ने मौके पर मौजूद महिलाओं की समस्या को गंभीरता से सुनते हुये जल्द कॉलोनी मे सुचारू पेयजल आपूर्ति शुरू करवाने तथा दोषी कार्मिको के विरूद्ध कार्यवाही के आश्वासन के बाद महिलाओं ने जाम हटाया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 24 जून, 2024**


आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दिन 3:54 तक, ऐन्द्रयन योग दिन 11:15 तक, वणिज करण दिन 2:15 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मकर, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-वृष, शुक्र-मिथुन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 3:54 से सूर्योदय तक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:21 तक, शुभ 9:03 से 10:46 तक, चर 2:11 से 3:54 तक, लाभ-अमृत 3:54 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:20



**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**कर्क**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।



**तुला**
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




**धनु**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आज खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।



**मीन**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 323 प्रभात जयपुर, सोमवार 24 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**A Sanyasi's account of Tibet**

Until the early 1920s, no passport was needed for British India subjects to enter Western Tibet, but if they wanted to visit other parts of Tibet, such as Lhasa, a passport was mandatory.

**Men are less likely to share negative information**



*क्वाकह बहुत ही आकर्षक मार्सूपियल जीव हैं, जो अपने नवजात शिशु को कुछ माह अपने पेट पर बनी थैली में रखते हैं। दक्षिण पश्चिम ऑस्ट्रेलिया में पाए जाने वाले ये जीव किसी के भी चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। इन्हें ''हैपिएस्ट एनिमल ऑन अर्थ'' कहते हैं क्योंकि, इनका चेहरा सदा मुस्कुराता हुआ लगता है। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में पर्थ के तट से कुछ दूर रॉटनैस्ट आईलैंड एक पर्यटन स्थल है और वर्तमान में क्वाकह का प्रमुख आवास है। यहां इनकी आबादी लगभग दस हजार है। डच उपनिवेशवादी सबसे पहले 11 वीं सदी में यहां आए थे, उन्हें क्वाकह चूहे जैसे लगे तो उन्होंने द्वीप का नाम ''रॉटनैस्ट'' रख दिया। जिसका डच भाषा में अर्थ है ''रैट'स् नैस्ट''। वैंडरबिल्ट युनिवर्सिटी की वैज्ञानिक लरीसा डि सैन्टिस ने कहा कि, क्वाकह की तरफ पर्यटक आकर्षित होते हैं और पास जाने की कोशिश करते हैं लेकिन वो एक बात नहीं जानते कि, क्वाकह लोगों को काट लेने के लिए विख्यात हैं।'' कभी वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में अच्छी खासी तादाद में मिलने वाले क्वाकह अब कुछ ही द्वीपों पर और दक्षिण पश्चिम के घने जंगल के कुछ क्षेत्रों में ही सिमट कर रह गए हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि, प्राकृतिक आवास में इनकी आबादी मात्र 15,000 रह गई है जिससे यह प्रजाति वल्नरेबल (खतरे के करीब पहुंच चुके) वर्ग में आ गई है। ऑस्ट्रेलिया मेनलैंड में आपको क्वाकह कम दिखेंगे। पर हालिया वर्षों में सघन वन क्षेत्रों में भी क्वाकह मिलने लगे हैं, क्योंकि, वहां भोजन प्रचुरता से मिल जाता है। लरीसा कहती हैं कि, हमेशा से ऐसा नहीं था, 1920 और 1930 के दशक में मेनलैंड पर काफी तादाद में क्वाकह रहते थे। असल में यूरोपियन्स और उनके साथ आई प्रजातियों ने उन्हें द्वीपों की ओर धकेला है। ऑस्ट्रेलिया में जब यूरोपियन्स आए तो वे अपने साथ लोमड़ी, बकरी और खरगोश लाए। इन बाहरी प्रजातियों ने यहां की उन प्रजातियों को बाहर कर दिया जो कमज़ोर थीं। आज क्वाकह द्वीपों पर फलफूल रहे हैं, क्योंकि वहां लोमडियां नहीं जा सकतीं। हालांकि, वहां जहरीले सांप, ऑस्प्री पक्षी आदि का खतरा है। तथापि, मेनलैंड में रहने वाले क्वाकह को जंगल की आग, सूखे और शहरीकरण का सामना करना पड़ रहा है।*

# ग्रेस मार्क्स पाने वाले छात्रों की दोबारा हुई नीट परीक्षा

## 1563 छात्रों के लिए दोबारा एग्ज़ाम कंडक्ट किया गया था लेकिन 50 प्रतिशत परीक्षार्थी परीक्षा देने ही नहीं पहुँचे

- **गौरतलब है कि, सी.बी.आई. ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर नीट/यूजी में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। इस मामले में बिहार और देश के अन्य राज्यों में पेपर लीक के आरोपियों की धरपकड़ की जा रही है।**
- **रविवार को मीडिया में यह भी खबर आई कि, नैशनल टैस्ट एजेंसी (एन.टी.ए.) के सभी पोटर्ल्स हैक कर लिये गये हैं एक भी पोर्टल काम नहीं काम रहा। हालांकि, बाद में एन.टी.ए. के अधिकारियों ने इस खबर को अफवाह करार दिया है।**

नई दिल्ली, 23 जून। नैशनल टैस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) ने रविवार को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के छह केंद्रों पर 1,563 उम्मीदवारों के लिए नीट-यूजी परीक्षा को दोबारा कंडक्ट किया। एन.टी.ए. के मुताबिक, 1,563 अभ्यर्थियों में से 813 ही परीक्षा देने आए, जबकि 750 छात्रों ने यह परीक्षा छोड़ दी। 750 छात्र दोबारा परीक्षा देने ही नहीं पहुँचे। उल्लेखनीय है कि ग्रेस मार्क पाने वालों के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद फिर से परीक्षा कराई गई।

छत्तीसगढ़ में यह परीक्षा दो केंद्रों पर आयोजित होनी थी, जिसमें 602 अभ्यर्थी पुनः परीक्षा के लिए पात्र थे, जिसमें आज 291 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। वहीं हरियाणा में 494 उम्मीदवारों के लिए दो परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्था की गई थी। इनमें से 287 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। मेघालय में 464 पात्र अभ्यर्थियों में से 234 ने आज परीक्षा दी। वहीं गुजरात में एक अभ्यर्थी के लिए पुनः परीक्षा आयोजित की गई।

उल्लेखनीय है कि, सी.बी.आई. ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की लिखित शिकायत के आधार पर नीट/यूजी में कथित अनियमितताओं के मामले में आपराधिक मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि गत पांच मई को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) 2024 परीक्षा के दौरान कुछ राज्यों में कुछ अलग-अलग घटनाएं हुईं।

यह परीक्षा 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। परीक्षा में 23 लाख से अधिक उम्मीदवार शामिल हुए थे। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई से कथित अनियमितताओं के पूरे मामले की व्यापक जांच करने का अनुरोध किया है, जिसमें षडयंत्र, धोखाधड़ी, प्रतिरूपण, विश्वासघात और उम्मीदवारों, संस्थानों और बिचौलियों द्वारा सबूतों को नष्ट करना, अनियमितताओं का प्रयास करना शामिल है।

मंत्रालय ने सीबीआई से परीक्षा के आयोजन से जुड़े लोक सेवकों की भूमिका, यदि कोई हो, की जांच करने तथा घटनाओं के पूरे दायरे और बड़ी साजिश की जांच करने का अनुरोध किया है। सीबीआई ने तदनुसार एक आपराधिक मामला दर्ज किया है और जांच शुरू की है। मामले की सर्वोच्च प्राथमिकता पर जांच करने के लिए सीबीआई द्वारा विशेष टीमों का गठन किया गया है एवं इन टीमों को पटना और गोधरा भेजा जा रहा है जहां स्थानीय पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं।

क्या राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की वेबसाइट हैक कर ली गई थी? क्या एनटीए के दूसरे पोर्टल्स के साथ भी ऐसा ही हुआ था? राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारियों ने इस मामले पर रविवार को बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि उनकी वेबसाइट और अन्य सभी वेब पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित हैं। एजेंसी की ओर से कहा गया कि इनके हैक होने की खबरें गलत और भ्रामक हैं। मालूम हो कि सोशल मीडिया पर इस तरह की बातें हो रही थीं और कहा जा रहा था कि एनटीए की वेबसाइट के साथ दिक्कत आई है।

दरअसल, राष्ट्रीय प्रात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट)

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सूरसागर में उपद्रव के तीसरे दिन भी हालात तनावपूर्ण, लेकिन स्थिति काबू में

## सूरसागर में हुए उपद्रव का एक वीडियो रविवार को सामने आया, दावा है कि, पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पथराव हुआ था

- **रविवार को भी लोग घरों में कैद रहे, उपद्रव के आरोप में 67 लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है, अब तक 43 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।**
- **विवाद के बाद सूरसागर, प्रतापनगर, देवनगर और राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई, जो अब तक जारी है।**

जोधपुर, 23 जून (कासं)। जोधपुर के सूरसागर में उपद्रव के तीसरे दिन रविवार को भी हालात तनावपूर्ण रहे, लेकिन स्थिति काबू में है। शनिवार के बाद रविवार को भी लोग घरों में कैद रहे। उपद्रव के आरोप में 67 लोगों पर नामजद मामला दर्ज किया गया है। अब तक 43 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उपद्रव के तीसरे दिन रविवार को सूरसागर इलाके का पूरा मार्केट बंद रहा, क्षेत्र में शांति रही। मार्केट बंद होने और गर्मी के कारण लोगों की सड़क पर आवाजाही कम रही। दोपहर में कुछ महिलाएं पुलिस कार्रवाई को लेकर सूरसागर थाने पहुंची थी, जहां से उनको समझाकर वापस घर भेज दिया।

सूरसागर में शुक्रवार को हुए उपद्रव का एक वीडियो रविवार को सामने आया। दावा है कि, पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पथराव हुआ था। सूरसागर इलाके में रविवार को चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। दो पक्षों में विवाद के बाद सूरसागर, प्रतापनगर, देवनगर और राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में धारा 144 लगाई गई, जो अब तक जारी है। सूरसागर क्षेत्र में जहां विवाद हुआ था, वहां पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस दर्ज मामलों में जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है। क्षेत्र में अब शांति है। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से मिलकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। सूरसागर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प को लेकर रविवार को कमिश्नरेट ऑफिस में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से आग्रह किया कि, किसी भी प्रकार की एकतरफा कार्रवाई नहीं की जाए और दोषियों को बख्शा नहीं जाए।

प्रतिनिधिमंडल में भोपालगढ़ विधायक गीता बरवड़, सांसद प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा, जे.डी.ए. के पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सोलंकी, महापौर कुंती देवड़ा, लूणी के पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई, उप महापौर अब्दुल करीम जॉनी, जोधपुर उत्तर जिलाध्यक्ष सलीम खान और वकील आनन्द पुरोहित शामिल रहे।

इलाके में एहतियात के तौर पर फायर ब्रिगेड को तैनात किया गया है। शुक्रवार रात को हुए हंगामे में दो पुलिसवाले भी घायल हुए थे। इस दौरान उपद्रवियों ने एक दुकान में आग भी लगा दी थी। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। करीब तीन घंटे तक यह हंगामा चलता रहा। उपद्रव की रात के वीडियो सामने आ रहे हैं। एक वीडियो में पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया जा रहा है। दावा है कि, पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में कुछ लोगों ने पथराव किया। यह वीडियो शुक्रवार रात प्रभावित इलाके के एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'राहुल गांधी तमिलनाडु शराब त्रासदी पर चुप क्यों हैं'

नई दिल्ली, 23 जून। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु जहरीली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने रविवार को कहा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस नेता

- **वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सवाल किया कि, तमिलनाडु में जहरीली शराब पीने से 56 लोंगों की मौत हुई है तथा 200 लोग अस्पताल में भर्ती है, अधिकांश लोग अनुसचित जाति के हैं, लेकिन राहुल गांधी कहां हैं।**

राहुल गांधी को इस पर बयान देना चाहिए। सीतारमण ने कहा कि 200 से ज्यादा लोग अब भी गंभीर अवस्था में अस्पताल में हैं। कुल 56 लोगों की मौत हो गई है और उनमें से ज्यादातर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जमानत रद्द होने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुँचे मु.मंत्री केजरीवाल

## केजरीवाल के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में जल्द से जल्द सुनवाई करने की अपील की है

- **केजरीवाल ने याचिका में अपील की है कि, लोअर कोर्ट से जमानत मिलते ही हाई कोर्ट ने जिस तरह से उनकी जमानत पर रोक लगाई है वह कानून के बिल्कुल विपरीत है।**
- **गौरतलब है कि, लोअर कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई थी लेकिन अगले ही दिन हाई कोर्ट में ई.डी. के विरोध करने पर रिहाई से ऐन पहले हाई कोर्ट ने उनकी रिहाई पर रोक लगा दी।**

नई दिल्ली, 23 जून। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा उनकी जमानत पर रोक लगाने के खिलाफ अब सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शराब घोटाले में आरोपी अरविंद केजरीवाल ने जमानत पर रोक लगाए जाने के बाद देश की सबसे बड़ी अदालत में अपनी याचिका लगाई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीएम अरविंद केजरीवाल के वकीलों ने अदालत से गुहार लगाई है कि वो सोमवार को इस मामले में सुनवाई करे।

बताया जा रहा है कि, इस याचिका में केजरीवाल की तरफ से कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने जिस तरह से उनकी जमानत पर स्टे लगाया है वो कानून के निर्देशों के विपरित है और यह बुनियादी मौलिक सीमा का उल्लंघन भी है। याचिका में यह भी कहा गया है कि हाई कोर्ट द्वारा जमानत पर स्टे लगाने से याचिकाकर्ता को दुख पहुंचा है लिहाजा कोर्ट के इस आदेश को एक पल के लिए भी जारी नहीं रखा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत से गुहार लगाई गई है कि वो हाई कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे को रद्द करें और अनुरोध किया गया है कि याचिकाकर्ता को जमानत दी जाए।

अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में बंद हैं। ई.डी. ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े केस में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। बीते गुरुवार को इस पूरे प्रकरण में एक दिलचस्प मोड़ आया। दरअसल दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को रेगलुर बेल दे दी थी।

लेकिन इससे पहले कि केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आते प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सीएम केजरीवाल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गाजियाबादः सिलैण्डर फटने से छः लोग झुलसे

गाजियाबाद, 23 जून। गाजियाबाद से दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक घर में एलपीजी सिलेंडर में लीकेज के चलते आग लग गई जिसमें मां और उनकी दो बेटियों की झुलस कर मौत हो गई। आग में झुलसे कुल 6 लोगों में से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आग एलपीजी

- **इस हादसे में घर में मौजूद माँ और उसकी दो बेटियों की मौके पर ही मौत हो गई व तीन अन्य लोग अस्पतातल में भर्ती हैं।**

सिलेंडर में लीकेज के चलते लगी।

न्यू डिफेंस कॉलोनी में नाथूराम के मकान में उनके साले मुकेश रहते हैं। परिवार में मुकेश के 17 वर्षीय बेटे अंकित के अलावा मुकेश की पत्नी 35 वर्षीय बागमती, 18 साल के प्रियंका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीस्ता प्रोजैक्ट पर तरसता रह गया चीन, भारत ने बाजी मार ली

## बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने खुद दिल्ली आकर समझौता पूरा किया और भारत को तीस्ता प्रोजैक्ट को डवलप करने की जिम्मेदारी सौंपी

- **तीस्ता नदी जल प्रोजैक्ट को विकसित करने के लिए एक टीम जल्द ही बांग्लादेश जायेगी, प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच शनिवार को इस मुद्दे पर सहमति बनी।**
- **इस बड़ी परियोजना का महत्व इसलिए बढ़ गया है क्योंकि चीन ने भी परोक्ष तौर पर इसमें रुचि दिखाई है। इस परियोजना के तहत तीस्ता नदी के पानी के प्रबंधन और संरक्षण के लिए बड़े जलाशय और संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की परिकल्पना की गई है।**

नई दिल्ली, 23 जून। भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नए क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शेख हसीना के बीच हुई बातचीत के प्रमुख परिणामों में तीस्ता नदी के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए एक बड़ी परियोजना के लिए भारत द्वारा एक तकनीकी दल को जल्द ही बांग्लादेश भेजना, एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ना और रक्षा संबंधों को बढ़ावा देना शामिल है।

बता दें कि चीन लंबे समय से ढाका को इस बात के लिए राजी करने में लगा था कि उसे तीस्ता बेसिन को विकसित करने का मौका दिया जाए। हालांकि बांग्लादेश भूराजनीतिक समीकरणों को देखते हुए भारत के साथ ही काम करने को सहमत हुआ है। इस बड़ी परियोजना का महत्व इसलिए बढ़ गया है क्योंकि चीन ने भी परोक्ष तौर पर इसमें रुचि दिखाई है। इस परियोजना के तहत तीस्ता नदी के पानी के प्रबंधन और संरक्षण के लिए बड़े जलाशय और संबंधित बुनियादी ढांचे का निर्माण करने की परिकल्पना की गई है।

परियोजना पर यह कदम दोनों देशों के बीच तीस्ता जल बंटवारे पर एक समझौता होने के लंबे समय से लंबित प्रस्ताव के बीच उठाया गया है। इस समझौते पर सितंबर 2011 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की बांग्लादेश यात्रा के दौरान हस्ताक्षर होने थे, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आपत्तियों के कारण इसे अंतिम समय में स्थगित कर दिया गया था। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत उपयुक्त भारतीय सहायता से बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन की योजना बना रहा है।

दोनों पक्षों ने डिजिटल क्षेत्र, समुद्री क्षेत्र, समुद्री अर्थव्यवस्था, रेलवे, अंतरिक्ष, हरित प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य और चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने दो ''विश्वसनीय'' पड़ोसियों के बीच कई नए क्षेत्रों में परिवर्तनकारी सहयोग के लिए एक ''भविष्यवादी दृष्टिकोण'' पर भी सहमति जताई। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच वार्ता का मुख्य जोर डिजिटल और ऊर्जा संपर्क में भारत-बांग्लादेश सहयोग को बढ़ाने के तरीकों का पता लगाना था। साथ ही दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच सीमाओं के शांतिपूर्ण प्रबंधन की दिशा में काम करने का संकल्प लिया।

मोदी ने मीडिया को संबोधित करते हुए लोगों के बीच आपसी संपर्क को दोनों देशों के बीच संबंधों का आधार बताया और कहा कि बांग्लादेश से इलाज के लिए भारत आने वाले लोगों के लिए भारत ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा।

भारत ने रंगपुर में एक नया सहायक उच्चायोग खोलने का भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोच्चि एयरपोर्ट पर 19 करोड़ की कोकीन जब्त

कोच्चि, 23 जून। केरल में कोच्चि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो तंजानियाई यात्रियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 19 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त की गयी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने विशिष्ट सूचना के आधार पर हवाई अड्डे पर एक पुरुष और एक महिला यात्री को गिरफ्तार कर लिया।

- **कोकीन की तस्करी कर रहे दो तंजिनियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है।**

दोनों पर कोकीन की तस्करी करने का आरोप है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह यात्रियों की एक्स-रे जांच की गई थी, जिसमें उनके पेट में कुछ कैप्सूल पाए गए थे। दोनों यात्रियों को हवाई अड्डे के निकट एक निजी अस्पताल ले जाया गया और उनके शरीर से नशीली दवा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'डॉ. मुखर्जी के 'एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे' नारे को मोदी ने साकार किया'

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर 'स्मरण अभियान' की शुरुआत की गई

**जयपुर, (कासं)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''स्मरण अभियान'' की शुरुआत की। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने ''एक पेड़ माँ के नाम अभियान'' की भी शुरुआत की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धाजंली अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और पार्टी कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों पर कार्य करने की आवश्यकता हैं।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद जब देश में संघ की तीन सीटें आई थी, उस दौर में 1 सीट राजस्थान से चित्तौडगढ़ की भी थी। ऐसे में राजस्थान ने भी उस दौर में जनसंघ का दीया जलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू के परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था। इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद जनता पार्टी एवं फिर भारतीय जनता पार्टी ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भाजपा डॉ मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनकी जयंती तक प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत 370 पेड़ लगाएगी। इस अभियान का आगाज भाजपा प्रदेश कार्यालय से किया गया। भाजपा इस अभियान में प्रदेश के सभी सामाजिक और गैर सामाजिक संगठनों से भी वृक्षारोपण करने की अपील करती है।

भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ मुखर्जी का देश के लिए त्याग, बलिदान आज भी याद किया जाता है। डॉ. मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढाया। हमें डॉ मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनकी विद्वता के बारे में चर्चा करनी चाहिए। डॉ मुखर्जी के सपने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, मोदी ने उन हाथ को रोजगार देकर उस परिवार को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है।



भाजपा प्रदेश कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने 'एक पेड़ माँ के नाम अभियान' की भी शुरुआत की।

- डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर जयंती तक प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा लगाएगी 370 पेड़ : सीपी जोशी
- कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, मोदी ने उन हाथ को रोजगार देकर उस परिवार को आगे बढ़ाने का काम किया : विजया राहटकर
- डॉ. मुखर्जी के योगदान के चलते प. बंगाल और कश्मीर आज भारत का अभिन्न अंग : घनश्याम तिवाड़ी

राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाडी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कई संस्मरण सुनाए। सांसद तिवाडी ने कहा कि प. बंगाल और कश्मीर आज भारत का अंग है तो उसमें डॉ मुखर्जी का बहुत बड़ा योगदान है। आज भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को डॉ मुखर्जी के पत्रों को जरूर पढ़ना चाहिए। जनसंघ से लेकर भाजपा की यात्रा में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयान उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरूषों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। आज भी भाजपा इनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा, भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, विधायक कालीचरण सराफ, गोपाल शर्मा, नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावत, भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडण, भूपेंद्र सैनी, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पैनेलिस्ट सुरेश गर्ग, विकास बारेठ, विक्रम सैनी, प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत, युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी माताजी के साथ किया वृक्षारोपण



**जयपुर, (कासं)।** राज्य में रविवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री आवास पर अपनी माताजी गोमती देवी के साथ बेल का पौधा लगाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि, पेड़ हमारे परम मित्र हैं और हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के साथ ही पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से आ ान किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने में अपना योगदान दें। उल्लेखनीय है कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया था। उन्होंने नई दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाते हुए देशवासियों से आग्रह किया था कि वे सभी अपनी माताजी के नाम पर कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं।

# पचास लाख का डोडा-पोस्त पकड़ा

**जयपुर।** राजधानी की चित्रकूट और करणी विहार थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है।

शनिवार देर रात को पुलिस ने करीब 50 लाख रुपए कीमत का 1200 किलो डोडा पोस्त से भरा एक कंटेनर जब्त किया है। पुलिस ने डोडा पोस्त की तस्करी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी बिंदर सिंह को गिरफ्तार करके पूछताछ की जा रही है। वहीं दूसरा आरोपी गुरमीत सिंह मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी चित्तौड़गढ़ से तस्करी करके अवैध डोडा पोस्त हरियाणा लेकर जा रहे थे। एसीपी वैशाली नगर आलोक कुमार गौतम के मुताबिक अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर रात को जयपुर के करणी विहार इलाके में अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त से भरा कंटेनर पकड़ा, जिसमें करीब 1200 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया है। डोडा पोस्त की कीमत करीब 50 लाख रुपए की बताई जा रही है। पुलिस ने कंटेनर चालक हिसार हरियाणा निवासी बिंदर सिंह को मौके से पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी गुरमीत सिंह मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। आरोपी से प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि राजस्थान के चित्तौड़गढ जिले से कंटेनर में 1200 किलो डोडा पोस्त भरकर हरियाणा के हिसार जिले में भेजा जा रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी करके कंटेनर को पकड़ा है। करणी विहार थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# जयपुर में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता के लिए मोटरसाइकिल रैली निकाली

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में रविवार को मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता के लिए मोटरसाइकिल रैली निकालकर लोगों को जागृत किया गया।मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ 12 से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इसके तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी की अध्यक्षता में मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ थे।

- रैली में पुलिस की निर्भया टीम व पुलिस बल के लगभग दो सौ बाइक सवार शामिल हुए
- स्थानीय पुलिस के सहयोग से ऑपरेशन कवच का आगाज किया गया है, इसमें छोटे पान वाले से लेकर से बड़े तस्कर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

जोसफ और सोनी ने विद्याधर नगर केंद्रीय सदन से मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्याधर नगर से शुरू होकर खासा कोठी सर्किल, एम आई रोड, अजमेरी गेट होते हुए जे एल एन मार्ग से पत्रिका गेट जवाहर सर्किल पहुंची। इसके बाद रैली टोंक रोड, अहिंसा सर्किल और एम आई रोड होते हुए वापस केंद्रीय सदन पहुंची।

इस अवसर पर सोनी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि नशे की प्रवृत्ति से प्रभावित लोगों को ध्यान में रखते हुए उन्हें नशे से दूर करने के लिए जागरूक करें। हमारा दायित्व है कि हम इस संदेश को पूरे समाज तक पहुँचाए। हम सभी इसी समाज से जुड़े हुए हैं। नशे से आजादी, जीवन को हां कहें, ड्रग्स को ना के ध्येय वाक्य को हमेशा ध्यान में रखें। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से आज से ऑपरेशन कवच का आगाज किया गया है। इसमें छोटे पान वाले से लेकर से बड़े तस्कर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी एवं तस्करी की चैन को तोड़ा जाएगा। वहीं संलिप्त व्यक्तियों की संपत्तियां जब्त की जाएगी।जोसफ ने कहा कि वर्तमान में युवाओं में नशा तेजी से फैल रहा है। इसके नियंत्रण के लिए हम सभी को आगे होकर कार्य करना होगा। इसके खिलाफ सभी को जागरूक किया जाना आवश्यक है। यहां तक कि स्कूली बच्चे भी इसके आदी हो रहे हैं और अपराध की तरफ बढ़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की अवैध तस्करी करने वालों एवं बिक्री करने वालों के खिलाफ बड़ी संख्या में कार्रवाई की जा रही है। नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना हैं, तभी हम इसके लक्ष्य को पूरा कर सकेंगे। रैली में प्रोफेशनल बाइकर्स के कुछ समूहों के साथ, जयपुर पुलिस की निर्भया टीम एवं पुलिस बल ने लगभग दो सौ बाइक पर सवार होकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# सर्व ब्राह्मण युवक-युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में युवतियों के रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क

**जयपुर, (कासं)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से आगामी अगस्त में आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण युवक युवती वैवाहिक परिचय सम्मेलन में युवतियों के रजिस्ट्रेशन निशुल्क किए जाएंगे। इसके साथ ही अब तक जितने रजिस्ट्रेशन हुए हैं उनमें युवतियों को उनकी रजिस्ट्रेशन राशि वापस की जाएगी। इसका निर्णय रविवार को सीकर रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित संचालन समितियों की बैठक में किया गया।



ब्राह्मण समाज राजस्थान की ओर से अगस्त में आयोजित होने वाले वैवाहिक परिचय सम्मेलन को लेकर संचालन समिति की बैठक आयोजित हुई।

प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने बताया कि बैठक में महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष डॉ. शारदा शर्मा ने प्रस्ताव रखा कि युवतियों का रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क किया जाये जिससे कि सम्मेलन में अधिक युवितयां भाग ले सके। इस प्रस्ताव का अनुमोदन महिला मोर्चा की अन्य पदाधिकारियों ने किया। सर्व सम्मति से प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने युवतियों का रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क करने की घोषणा की।

- दहेज जैसी कुप्रथा के खात्मे के लिए सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन जरूरीः अंबिका प्रकाश पाठक
- अब तक जितने रजिस्ट्रेशन हुए हैं उनमें युवतियों को उनकी रजिस्ट्रेशन राशि वापस की जाएगी।

साथ ही समाज के सभी बन्धुओं से आव्हान कर कहा कि सामाजिक रूढ़िवादिताओं को समाप्त कर अधिक से अधिक युवतियों को सम्मेलन में वैवाहिक जोड़ा तय करने के लिए प्रोत्साहित करें। जिससे कि दहेज जैसी कुप्रथा से बचा जा सके। बैठक में महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक डॉ. शारदा शर्मा, प्रदेश विधि मंत्री सुषमा पारीक, जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ,महासचिव बनवारी शर्मा, ओमप्रकाश रीडर, हरिश्चंद्र शर्मा, गोवर्धन लाल शर्मा सहित सभी समितियों के सदस्य शामिल रहे।



राजस्थान विधानसभा अध्यक्षवासुदेव देवनानी ने रविवार को उदयपुर के गीतांजलि हॉस्पिटल में उपचार ले रहे पूर्व अध्यक्षकैलाश मेघवाल की कुशलक्षेम पूछी। देवनानी ने उनके उपचार की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने के लिए शुभकामनाएं दी।

# समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड सेरेमनी 2024 का समापन

**जयपुर, (कासं)।** समग्र विकास संस्थान द्वारा आज जवाहर कला केन्द्र में समग्र नेशनल आइकन अवॉर्ड सेरेमनी 2024 का आयोजन संपन्न हुआ। इसमें राजनीति क्षेत्र में पार्षद के रूप में बेहतरीन कार्य करने का अवॉर्ड वॉर्ड 131 के पार्षद गोविंद सिंह छीपा को प्रदान किया गया। संस्था प्रमुख दया शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष उनकी संस्था विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को ये अवॉर्ड प्रदान करती है। मुख्य अतिथि के रूप में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टांक एवम स्वामी राघवेन्द्र आचार्य, साध्वी पीतांबरा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। टांक और अन्य अतिथियों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों एवम प्रयासों की सराहना की।

- पार्षद के रूप में बेहतरीन कार्य करने का अवॉर्ड वॉर्ड 131 के पार्षद गोविंद सिंह छीपा को दिया गया

इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन में विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। जिनमें घनश्याम भार्गव, राम गोपाल जैन, किशोर अभिचंदानी एंकर अंकित खंडेलवाल, राजा गुटुरू,राम कृपाल पारीक आदि प्रमुख थे।

# युवती को डिजिटल अरेस्ट कर 17 लाख की साइबर ठगी

**जयपुर।** डिजिटल अरेस्ट करके साइबर ठगी करने की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। जालसाज वीडियो कॉल रिसीव करने वाले व्यक्ति को डरा धमका देते हैं और उसे कॉल कट भी नहीं करने देते हैं। जालसाजों के चंगुल में फंसने पर लोग लाखों करोड़ों रुपए गंवा रहे हैं।

अब महेश नगर निवासी महिला बैंक मैनेजर को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर जालसाजों ने 17 लाख रुपए ठग लिए। पीड़िता ने इस संबंध में विशेष अपराध एवं साइबर क्राइम पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि 20 जून की सुबह करीब पौने ग्यारह बजे उसके पास एक मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण का प्रतिनिधि होना बताते हुए खुद का नाम राजीव बताया। उसने डराया कि पीड़िता के आधार कार्ड का महाराष्ट्र में दूसरे व्यक्ति ने उपयोग करते हुए मोबाइल सिम जारी करवाई है और उससे अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही है।

पीड़िता ने दूसरी सिम जारी करवाने से इनकार कर दिया तो जालसाज ने मुम्बई पुलिस से बात करवाने की कहकर कॉल ट्रांसफर कर दी और कॉल रिसीव करने वाले ने विनय खन्ना नाम बताया। कुछ देर में कॉल कट गया, लेकिन फिर दूसरे नंबर से कॉल आया और उसने स्काइप इंस्टॉल करवाकर उस पर बातचीत की। जालसाजों ने डिजिटल अरेस्ट रखकर करीब चार पांच घंटे वीडियो कॉल पर बनाए रखा। अलग-अलग विभाग से तालमेल करने का आश्वासन दिया और कहा कि जो भी बातचीत हो रही है, वह पीड़िता के हित में है। फिर कहा कि पीड़िता के बैंक खाते में से 20 लाख रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे और रिजर्व बैंक से उनका वेरिफिकेशन किया जाएगा। जालसाजों ने पीड़िता के बैंक खाते से 17 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद झांसा दिया कि 6 से 8 घंटे में पैसा वापस उसके बैंक खाते में आ जाएगा और शेष 3 लाख रुपए भी जमा करवाने होंगे। जालसाजों ने इस तरह पीड़िता के बैंक खाते से 17 लाख रुपए ठग लिए।


नम्बर मिलाइए
9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव- 2024 व्यापक स्तर पर मनाया जाए : मुख्य सचिव

**जयपुर, (कासं)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली और अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए।

- 29 जून को राज्य भर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे
- राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में किया जाएगा



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने रविवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव 2024 की तैयारियों के संबंध में बैठक ली।

उन्होंने बताया कि 29 जून 2024 को राज्य भर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा,जिसमें 20 हज़ार से अधिक नवनियुक्त कार्मिक शामिल होंगे। महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा नव नियुक्त राजकीय कार्मिकों के उत्साह-वर्धन के लिए उन्हें संबोधित करेंगे तथा चयनित कार्मिकों से संवाद भी करेंगे। पंत ने आयोजन के सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किये तथा उनसे सुझाव भी लिए। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जयपुर में मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जिला स्तर पर महोत्सव के आयोजन के लिए स्थान का चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा। यह उत्सव सरकार के रोजगार प्रदान करने के प्रयासों का ही परिणाम है।

मुख्य सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री रोज़गार उत्सव में उपस्थित सभी कार्मिकों को उपस्थिति प्रमाण पत्र के अलावा वेलकम किट का वितरण किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों से नवनियुक्त राजकीय कार्मिकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# शातिर चेन स्नैचर गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने बनीपार्क थाना इलाके में चैन स्नेचिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर चैन स्नैचर मंगल शर्मा उर्फ मंगल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से दो सोने की चैन एवं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी से जयपुर शहर में हुई चेन स्नेचिंग की और भी वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि सीएसटी ने बनीपार्क इलाके में चैन स्नैचिंग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शातिर चैन स्नैचर मंगल शर्मा उर्फ मंगल निवासी डीडवाना जिला कुचामन डीडवाना हाल शास्त्री नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम अजय कुमार गोलेछा से बदलकर अजय गोलेछा रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम अजय गोलेछा पुत्र विजय कुमार गोलेछा से जाना जावें। पता- 11, 12, नथ मल जी का कटला, आगरा रोड, जयपुर (राज.) 302003

# निर्माणाधीन बिल्डिंग में जुआ खेलते 32 व्यापारी गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुआ के 17 लाख रुपए बरामद किए

**जयपुर।** राजधानी के जवाहर सर्किल इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर दाना चौसर से जुआ खेल रहे 32 व्यापारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से जुआ के 17 लाख रुपए बरामद कर लिए। इस खेल में कम से कम 50 हजार रुपए हो, तभी उसे खिलाया जाता था। आरोपियों ने नोट गिनने के लिए मशीन लगा रखी थी।

पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ ने बताया कि 23 जून को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सेक्टर-11 में दाना चौसर से जुआ खेला जा रहा है। इस पर एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया व थानाप्रभारी विनोद सांखला के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने शनिवार रात 12 बजे एक सेक्टर-11 की निर्माणाधीन बिल्डिंग के पांचवीं मंजिल पर बने हॉल में दबिश देकर 32 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से 17 लाख 2 हजार 100 रुपए बरामद कर लिए।



जवाहर सर्किल इलाके में एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की पांचवीं मंजिल पर दाना चौसर से जुआ खेल रहे 32 व्यापारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- **आरोपियों ने नोट गिनने के लिए मशीन लगा रखी थी।**
- **इस खेल में कम से कम 50 हजार रुपए हो, तभी किसी को खिलाया जाता था।**

**चार घंटे तक चली पुलिस कार्रवाई :** पुलिस दबिश देने पहुंची तो जुआरियों में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने आस-पास घेराबंदी कर किसी भी आरोपी को भागने नहीं दिया। पकड़े गए जुआरियों में अधिकतर मीडियम व्यापारी है। इस खेल में वही लोग हिस्सा ले सकते है जिनके पास कम से कम 50 हजार रुपए हो। इसके बाद भी उसकी एंट्री थी। जुआ खिलवाने में नौशाद कुरैशी रेफरी की भूमिका निभा रहा था।

**इन लोगों को गिरफ्तार किया :** पुलिस ने विद्याधर निवासी सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, कृष्णा सागर धौलाई निवासी भरत खत्री, दौसा निवासी हरिमोहन बैरवा, सतीश कुमार, शास्त्री नगर निवासी युनूस खान, प्रताप नगर निवासी गुलाम कुरैशी, सुरेश झाबलू, रिंकू किशनानी, नागौर निवासी लूणकरण, अमराराम, अब्दुल अजीज, गोपाल विश्नोई, प्रहलाद बौराना, आदर्श नगर नवासी कल्लू कुरैशी, मो.महराज, जवाहर नगर निवासी पंकज रामानी, जनता कॉलोनी घाटगेट निवासी जितेन्द्र कुमार, जयसिंहपुरा खोर निवासी प्रकाश कुमार सैनी, बालमुकंद, बगरू वालो का रास्ता चांदपोल निवासी गुलाम रियाज, नाहरी का नाका निवासी अजमद हुसैन, नाहरगढ़ निवासी रितेश खिंची, माणक चौक निवासी नवीन खण्डेलवाल, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी नौशाद कुरैशी, मानसरोवर निवासी सुरेश सेवानी, मालवीय नगर निवासी आलोक विजय, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी जावेद कुरैशी, जवाहर सर्किल निवासी अशोक कुमार, देवनगर जोधपुर निवासी सिराज खान, रामगंज निवासी मो.असलम और करौली निवासी धर्म सिंह मीना को गिरफ्तार किया हैं।

# आरयू में तीन करोड़ की लागत से बने संविधान स्तम्भ में बड़ी गलतियां

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में हाल ही में करीब 3 करोड़ की लागत से तैयार किए गए जिस संविधान स्तंभ की अब तक तारीफों के पुल बांधे जा रहे थे, अब उसमें कई बड़ी गलतियां सामने आई हैं। संविधान स्तंभ में फंडामेंटल ड्यूटीज को गलत भाग में दिखाया गया है। इसी तरह इमरजेंसी प्रोविजन को भी गलत भाग में दर्शाया गया है। सवाल ये है कि करोड़ों रुपए की लागत और संविधान विशेषज्ञों की राय के बाद भी इतनी बड़ी चूक कैसे रह गई?

- **संविधान के पार्ट 3 में फंडामेंटल राइट्स हैं और पार्ट 4ए में फंडामेंटल ड्यूटीज आती हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी में तैयार संविधान स्तंभ में फंडामेंटल राइट्स और ड्यूटीज को पार्ट 3 में ही दर्शाया गया है।**
- **इसी तरह संविधान के भाग 17 में राजभाषा से संबंधित उपबंध शामिल हैं, लेकिन यहां संविधान स्तंभ पर भाग 17 में इमरजेंसी प्रोविजन डाल रखे हैं।**
- **विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में जिस भाग 18 में इमरजेंसी प्रोविजन का सही जिक्र किया गया, उसी को छिपा दिया।**

राजस्थान विश्वविद्यालय में हाल ही में देश का पहला संविधान स्तंभ बनकर तैयार हुआ। खुद प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस संविधान स्तंभ का लोकार्पण किया। 75 फीट ऊंचे इस स्तंभ में आजादी के अविस्मरणीय पल स्कल्पचर्स के जरिए दर्शाए गए हैं। यही नहीं 1946 से 1925 तक की संविधान के बनने की कहानी को भी दर्शाया गया है। यहां संविधान की मूल प्रति में जिस शैली में चित्रों के माध्यम से नागरिकों के अधिकार, कर्तव्य और मूल सिद्धांतों को समझाया गया है। इस तरह चित्र इस मार्बल के स्तंभ पर उगेरे गए हैं, लेकिन इनके साथ कुछ जगह कई बड़ी गलतियां छोड़ दी गई हैं।

संविधान के पार्ट 3 में फंडामेंटल राइट्स आते हैं और पार्ट 4ए में फंडामेंटल ड्यूटीज आती हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी में तैयार संविधान स्तंभ में फंडामेंटल राइट्स और ड्यूटीज को पार्ट 3 में ही दर्शाया गया है। इसी तरह संविधान के भाग 17 में राजभाषा से संबंधित उपबंध शामिल हैं। लेकिन यहां संविधान स्तंभ पर भाग 17 में इमरजेंसी प्रोविजन डाल रखे हैं। हैरानी की बात तो ये है कि जब विश्वविद्यालय प्रशासन को इस संबंध में जानकारी दी गई, तो उन्होंने आनन-फानन में जिस भाग 18 में इमरजेंसी प्रोविजन का सही जिक्र किया गया, उसी को छिपा दिया।

इन गलतियों के उजागर होने के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और इस संविधान पार्क को निर्माण करने वाले मशहूर आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया की टीम पर भी सवाल उठाते हुए पूछा है कि युवा पीढ़ी को वो क्या संदेश देना चाहते हैं। छात्रों ने इन गलतियों को जल्द से जल्द सुधार करने की भी मांग की है।

# हथियार दिखाकर लूटने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार



ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने राहगीरों को लूटने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने राहगीरों को हथियार दिखाकर लूटने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने गिरफ्तार तीनों बदमाशों के पास से एक देशी पिस्टल, देशी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और लूट की रकम बरामद की है। पुलिस ने वारदात करने वाले रोहित मीणा, विजेंद्र गुर्जर व धर्मेंद्र उर्फ धर्मा को गिरफ्तार किया है।

- **देशी पिस्टल और कट्टा बरामद, आरोपियों ने होटल में की थी मारपीट**

डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया 19 जून को सूरज साहू ने ट्रांसपोर्ट नगर थाने पर एक शिकायत दर्ज कराई। इसमें बताया कि वह और उसका दोस्त दरबार होटल ट्रांसपोर्ट नगर पर खाना खाने गए थे। पहले से बैठे हुए तीन लोगों ने हथियार दिखाकर मारपीट की। जेब से 2300 रुपए लूट लिए। इस पर ट्रांसपोर्ट नगर थाना पुलिस ने तीन बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बदमाशों को पकड़ने के लिए गठित टीम ने चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की। इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वारदात करने वालों की पहचान हो गई। इस पर नाहरसिंह बाबा मंदिर के पास से बदमाश रोहित मीणा उर्फ राहुल उर्फ कालू उर्फ बाबू पुत्र चोथमल मीणा निवासी. मं.न. ई 55 आनन्दपुरी मोतीडूंगरी को डिटेन किया।

इसके बाद पुलिस ने विजेन्द्र गुर्जर उर्फ कानु पुत्र मोहनलाल गुर्जर निवासी. प्लांट नं, बी 12 आनन्दपुरी मोतीडूंगरी और धर्मेन्द्र उर्फ धर्मा पुत्र नाथु सिंह राजपूत निवासी गांव रायपुरा तह. लालसोट पुलिस थाना मण्डावरी जिला दौसा हाल किरायेदार जगदीश मीणा का मकान पतासी वाली बगीची एमडी रोड पुलिस थाना मोतीडूंगरी को गिरफ्तार किया। बदमाशों से हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने अलग-अलग जगहों से हथियार बरामद किए।

# ट्रेलर का डीजल टैंक फटने से दुकानदार की मौत

**जयपुर।** राजधानी के करधनी इलाके में कनकपुरा कंटेनर डिपो के पास लक्ष्मी नगर में वेल्डिंग करते समय एक ट्रेलर का डीजल टैंक फटने से आग लग गई। धमाके के साथ ट्रेलर में भीषण आग लग गई। आग में झुलसने से वेल्डिंग करने वाले दुकानदार की मौत हो गई। वहीं, ट्रेलर ड्राइवर का इलाज चल रहा है। करधनी थाने में शनिवार को मृतक के भतीजे ने लापरवाही के चलते मौत का मामला दर्ज करवाया है।

जगदीश प्रसाद ने बताया कि मृतक अब्बास हुसैन (45) संजय नगर-बी झोटवाड़ा के रहने वाले थे। वह करीब 4 साल से कनकपुरा कंटेनर डिपो के पास लक्ष्मी नगर में अगवान फेब्रिकेशन एंड रोलिंग शटर के नाम से शॉप करते थे। 13 जून को दोपहर वह परिचित दौलतराम कुमावत के साथ दुकान पर बैठे थे। दोपहर करीब 3 बजे दुकान के बाहर एक ट्रेलर आकर रुका। नीचे उतरकर आए ड्राइवर ने ट्रेलर में वेल्डिंग करने के लिए कहा। दुकानदार अब्बास हुसैन ने ड्राइवर को ट्रेलर की बैटरी के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलने के बाद बताने के लिए कहा। कुछ देर बाद ट्रेलर ड्राइवर ने बैट्री के तार और डीजल टैंक का ढक्कन खोलना बताया।

विश्वास में अब्बास हुसैन ने बिना चैक किए वेल्डिंग करना शुरू कर दिया। वेल्डिंग करते समय अचानक ट्रेलर की बैटरी में आग लग गई। आग डीजल टैंक तक पहुंच गई। जो धमाके साथ फट गया। आग ने ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानदार अब्बास हुसैन और ट्रेलर ड्राइवर बुरी तरफ झुलस गए।

# 'भाजपा कार्यकर्ता का जीवन समाज और देश को समर्पित'

## मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

**जयपुर,** (कासं) मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी के साथ ही समाज और देश के लिए समर्पित होता है। समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाना और जरूरतमंद की मदद करना ही उसके जीवन का उद्देश्य होता है, इसलिए उसे सम्मान मिलना चाहिए।

- **'पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें'**



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे जिन्होंने देश भर में आजादी की अलख जगाई और अपना पूरा जीवन मां भारती को समर्पित कर दिया। शर्मा ने कहा कि उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कश्मीर मुद्दे पर तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया और जनसंघ का गठन किया। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कश्मीर से धारा 370 हटाने का वादा किया था और सरकार बनने के बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए धारा 370 को धराशाई कर दिया। शर्मा ने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने में मदद करें। मंडल अध्यक्ष पार्षद के साथ मिलकर क्षेत्र के निवासियों के दुख तकलीफ को दूर करें। शर्मा ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आसपास के जरूरतमंद व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाएं।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर,भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्षअरूण चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच , वरिष्ठ कार्यकर्ताश्रीप्रकाश तिवाड़ी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पानी और सीवरेज की लाइनें तोड़ने वाले ठेकेदार पर जेडीए-निगम के इंजीनियर मेहरबान

## विद्याधर नगर सेक्टर 22 में सड़क बनाने के दौरान ठेकेदार ने लोगों के पेयजल कनेक्शन तोड़े, वादे के बावजूद ना पैसे दिए और ना ठीक कराए

**जयपुर,** (कासं)। विद्याधर नगर के वार्ड नंबर 22 के ए व बी सेक्टर में सीमेंट की सड़क बनाने के दौरान लापरवाही से काम कर जनता के पानी और सीवर के कनेक्शन तोड़ने वाले जेडीए और नगर निगम के ठेकेदारों पर जेडीए और निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जेडीए और निगम के अधिकारी इन ठेकेदारों के बचाव में उतर गए हैं। उन्हें जनता की बजाय ठेकेदारों के हित की चिंता है।

**ब्लैक लिस्ट कर भुगतान रोकने की मांग थी-** यह कहना है ठेकेदार से पीड़ित श्रेयांश अग्रवाल का। उन्होंने बताया कि यहां सड़क बनाने का काम कृतिका एसोसिएट को मिला था। सड़क बनाने से पहले सड़क को लेवल में लाने के लिए पुरानी सड़क को खोदा गया था। इसे बनाते समय छह सात गलियों की पानी की लाइन टूट गई थी। उस समय ठेकेदार ने अपनी गलती मानते हुए लोगों से अपने खर्चे पर पानी के कनेक्शन कराने का वादा किया था। उसके बाद लोग काफी समय से इन कनेक्शन को ठीक कराने की मांग कर रहे थे लेकिन ठेकेदार इसे ठीक नहीं करा रहा था। इसके लिए स्थानीय निवासी श्रेयांश अग्रवाल ने जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त को पत्र लिख कर इसकी शिकायत भी की थी। पानी के पांच सौ और सीवर की एक हजार घरों की लाइन टूट गई थी। इसके बाद लोगों ने अपने खर्चे पर पाइप लाइन और सीवर की लाइन के कनेक्शन ठीक कराए थे।



विद्याधर नगर के वार्ड नंबर 22 के ए व बी सेक्टर में सीमेंट की सड़क बनाने के दौरान जनता के पानी और सीवर के कनेक्शन तोड़ दिये।

स्थानीय निवासी कनेक्शन कराने का खर्चा ठेकेदार से मांग रहे थे। उन्होंने कृतिका एसोसिएट को ब्लैक लिस्ट कर इसका भुगतान रोकने की मांग की थी। इसी तरह निगम भी सीवर के ठेकेदार को बचा रहा है। नगर निगम ग्रेटर के सहायक अभियंता ने तो शिकायतकर्ता को यहां तक कह दिया कि उन्हें कोई परेशानी या अन्य समस्या हो तो बताएं। उनके जो भी काम होंगे करा दिए जाएंगे। इस मसले को यहीं खतम किया जाए।

**ठेकेदार-पार्षद ने अंजाम भुगतने की धमकी दी, मारने का प्रयास-** इससे नाराज होकर ठेकेदार कृतिका एसोसिएट के प्रतिनिधि और पार्षद प्रदीप तिवारी ने शिकायतकर्ता श्रेयांश अग्रवाल उनकी मां को धमकाया और अपनी शिकायत वापस लेने की मांग की। मना करने पर वह धमकाने लगा और अंजाम भुगतने की धमकी दी। वार्ड 22 के पार्षद प्रदीप तिवारी और ठेकेदार कृतिका एसोसिएट के प्रतिनिधि ने बड़ी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए शारीरिक रुप से नुकसान पहुंचाने की धमकी दी। उनकी माताजी से भी अभद्रता की, गाली गलौच किया। इसकी शिकायत विद्याधर नगर थाने में करके जान माल का खतरा होने और सुरक्षा की मांग की। जोन-2 के एक्सईएन दीपक अग्रवाल को भी इस पूरे मामले की जानकारी दी। उनसे भी कार्रवाई करने का अनुरोध किया।

**कहा था ब्लैक लिस्ट करेंगे, कुछ नहीं किया -** इधर जेडीए के जोन 2 के एक्सईएन दीपक अग्रवाल ने ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के लिए कहा था। साथ ही पानी के कनेक्शनों का मुआवजा दिलाने का वादा किया था। जेडीए के जोन-2 के एसई दीपक माथुर ने जरूर इन जेईएन और एईएन से इस ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा था। इसके बाद भी जेडीए के निदेशक इंजीनियरिंग ने भी कोई निर्देश नहीं दिए। मौके पर एक सहायक अभियंता को जरूर भेज कर ठंडे छींटे देने के प्रयास किए थे।

**घर घर जाकर प्रभावितों की सूची बनाई-** शिकायतकर्ता श्रेयांस अग्रवाल ने बतााय कि वो और उनकी टीम अब घर घर जाकर प्रभावितों की सूची बना रही है। उनकी व्यक्तिगत शिकायतें ले रही है। जेडीए ने ठेकेदार ने धमकी दी तो निगम का सीवर का ठेकेदार ज्यादा होशियार निकला। उसने पहले तो लाइन तोड़ी और बाद में सही करने के एवज में उसके आदमियों प्रति घर 1500 रुपए की वसूली की। वो इस सूची को अब निगम की महापौर सौम्या गुर्जर जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल को सौंपेंगे। साथ ही कार्रवाई की मांग करेंगे।

# मुरलीपुरा में 11 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

**जयपुर,** (कासं)। मुरलीपुरा के विकासनगर विस्तार, दादी का फाटक स्थित मंदिर राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को सालासर बालाजी धाम के महंत विष्णु महाराज के सान्निध्य में गौ रक्षार्थ ग्यारह कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। वेद माता मां गायत्री, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा सहित 28 देवी देवताओं का भाव भरा आव्हान कर पूजन किया गया।

गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी ने कहा कि, व्यक्ति पर वातावरण का बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। व्यक्ति मंदिर में पूजा अर्चना करता है तो उसका मन प्रसन्न रहता है लेकिन जैसे ही वह मंदिर परिसर से बाहर निकलता है तो वातावरण के दुष्प्रभाव की चपेट में आ जाता है।

- **300 श्रद्धालुओं ने अर्पित की आहुतियां**



दादी का फाटक स्थित मंदिर राधा कृष्ण मंदिर में गौ रक्षार्थ ग्यारह कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

गायत्री महामंत्र व्यक्ति को वातावरण के दुष्प्रभाव से बचाता है। इसे ब्रह्मास्त्र की संज्ञा दी गई है। इसलिए हर व्यक्ति को प्रतिदिन गायत्री महामंत्र का जाप करना चाहिए। व्यास पीठ से दिनेश आचार्य ने यज्ञ करवाते हुए कहा कि यज्ञ सत्कर्म का प्रतीक है।

यज्ञ के दौरान अग्नि में घी डालते हैं तो अग्नि घी को अपने पास ने रखकर पूरे वातावरण में बांट देती है वैसे ही हमें ज्ञान , साधन, धन को समाज में वितरण करना चाहिए। गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हुए महायज्ञ में 300 से ज्यादा श्रद्धालुओ ने गायत्री एवं महामृत्युंजय मंत्र के साथ यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की गई। यों को बचाने के लिए विशेष आहुतियां प्रदान की गई। प्रदेश में सुवर्षा की कामना के लिए विशिष्ट आहुतियां प्रदान की गई जिसका प्रभाव दो घंटे में दिखा।

यज्ञ की पूर्णाहुति में मानसून में अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प कराया गया। बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका भेंट की गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में नशा मुक्ति प्रदर्शनी भी लगाई गई। श्रद्धालुओं को सालासर बालाजी मंदिर का प्रसाद वितरित किया गया। सालासर बालाजी मंदिर के महंत विष्णु महाराज ने हनुमान चालीसा का पाठ कराया। कार्यक्रम संयोजक मनु महाराज ने गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के मुख्य ट्रस्टी धर्म सिंह राजावत, प्रहलाद शर्मा सहित अन्य विशिष्ट जनों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। गणपत वर्मा, गोपाल पारीक, मनोज माथुर, उमाशंकर खंडेलवाल, मंगल सैनी, विद्याधर शर्मा, रामेश्वर शर्मा, सीता राम शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, राजेश प्रजापति , सुनील अग्रवाल सहित अनेक कार्यकर्ताओ ने श्रमदान कर यज्ञ को सफल बनाया।



### International Fairy Day

Whether you see them as small-winged tenders of the deep natural places of the earth, or as tall, stately figures with fair skin and hair, there's one thing for certain. The world has been absolutely captured by the *Fairy Craze*. These creatures appear on everything, from mugs to T-shirts and have been the subject of children's fairy tales and even supernatural romances. *International Fairy Day* celebrates these incredible mythological creatures that have captured the imagination of people everywhere and their diverse history.



#RESEARCH

# Men are less likely to share negative information

Most of the existing research on gender differences and information sharing predates the internet



A new study from Carnegie Mellon University, Bayes Business School (formerly Cass), and Bocconi University has found that men are less eager and likely to share negative information than women, while there was little difference when it comes to positive news.

Published in the *Journal of Experimental Social Psychology*, the authors suggest that this may be due to a greater concern among men over how other people will see them, resulting in a tendency to self-promote by sharing positive information about themselves and not revealing their negative experiences to others.

Dr. Erin Carbone, Visiting Assistant Professor in the Department of Social and Decision Sciences at Carnegie Mellon University and first author of the study, said, "The



results from our studies revealed a consistent, and to the best of our knowledge not previously identified, nuanced pattern, wherein the tendency for women to disclose more than men depends crucially on the nature of the information shared. These findings can help make sense of the existing literature, as well as clarify some existing stereotypes, around gender differences in disclosure."

## Sharing in the Digital Age

Most of the existing research on gender differences and information sharing predates the internet. Given that we live in a world, where people readily post information on a variety of platforms on a daily basis, this new study offers insights into the way we share, as well as the consequences of sharing, in the digital age.

To explore gender differences in sharing of different types of information, the researchers carried out three different experiments with over 1,000 people. In the first study, people self-reported times when they felt like they were 'dying' to disclose information to others, then indicated whether they actually had shared the information. Although men and women generated similar numbers of instances of wanting to share positive information (e.g., about a promotion), men were far less likely to report wanting to share negative information (e.g., a failure to receive a promotion). Two further studies enabled the team to quantify the desire to disclose and aggregate participants' desire as well as their propensity to disclose positive or negative information about different topics and experiences.

## Disclosure Patterns

The study also found that women reported greater satisfaction than men with their own level of disclosure, whereas most male participants reported a greater propensity to withhold information about their thoughts and feelings, even when it might have been better to share it with others.

Professor Irene Scopelliti, Professor of Marketing and Behavioural Science at Bayes Business School (formerly Cass) and one of the authors of the study, said, "Disclosure is increasingly prevalent and permanent in the digital age. The advent of social media and digital communication channels has enabled unprecedented levels of information sharing, which is accompanied by an array of social and psychological consequences. Our results show that gender remains an important fault line when it comes to the desire and propensity to disclose negative information, and men may be differentially advantaged by, or vulnerable to, the consequences of information sharing compared to women."



# A *Sanyasi's* account of Tibet



"One peculiarity with the lake is that at times, when there are high waves near the shores, the middle is calm and clear like a mirror, reflecting the silvery dome of the Kailas, if seen from the southern side, or the *Mandhata's* giant heads, if seen from the northeast," he wrote. "On full moon nights, with the full moon overhead, the scene is simply indescribable. At sunset, the whole of the Kailas range on the north becomes a fiery region, all of a sudden, throwing an observer into a spell of trance, and by the time he returns to consciousness, he sees only the silvery peak in his front."

● Ajay Kamalakaran


In 1949, an Indian ascetic-explorer published a book that drew on his 'first-hand knowledge' of *Mount Kailash* and *Lake Mansarovar* to render a 'minute' account of these places, with an 'emphasis on all important details, likely to be of use and interest to pilgrims and tourists.' Simply titled '*Kailash Mansarovar*,' with a foreword by Jawaharlal Nehru, the book had the kind of details that would make a geographer proud.

"240 miles from Almora in UP and 800 miles from Lhasa, the capital of Tibet, stand Mount Kailash and Lake Mansarovar, constituting one of the grandest of the Himalayan beauty spots," wrote Swami Pranavanda, a former railway employee and Congress worker, who had renounced the material world at age 30. The sacred mountain's "gorgeous silvery summit," he added, "pierces into a heavenly height of 22,028 feet above the level of the even bosom of the sea."

Equally enamoured by Mansarovar, he said, "In order to realise and appreciate the grandeur of the Holy Lake fully, one has to actually spend a twelve-month on her shores. For those who have not paid her even a casual visit, it would be difficult, if not impossible, to imagine the diverse aspects of beauty that she presents round the different seasons of the year, to close observers."

The *sanyasi's* favourite seasons by Mansarovar were winter, when the lake froze over, and spring, when it melted. "It is only the inspired poet or the divine artist with his magic colours who can, for instance, describe and represent adequately the beauty and grandeur of sunrise and sunset on the lake," he wrote.

*Mount Kailash* (also spelled Kailas) and *Lake Mansarovar* (also spelled Manasarovar) have




been revered by Hindus, Jains, Bons and Buddhists for at least 2,000 years, becoming over this period the subject of numerous poems, stories and legends. Until the early 1920s, those attempting the pilgrimage to these places from India could choose between several routes. No passport was needed for British India subjects to enter Western Tibet, but if they wanted to visit other parts of Tibet, such as Lhasa, a passport was mandatory. The absence of bureaucratic hurdles to go to Kailash and Manasarovar was more than made up by other challenges and dangers on the routes, such as high mountain passes, extreme weather and bandits. It would take a 'Pranavananda' to give India and the rest of the world a proper glimpse of not just the religious sites, but also the region's physiography and geology as well as its customs and culture. In his book '*Wild Himalaya*,' writer Stephen Alter called Pranavananda 'one of the most diligent geographers to explore' this part of the Himalayas. "The lengthy, poetic descriptions in Pranavananda's book reflect a combination of his spiritual and scientific sensibilities for he was fascinated by both the sacred resonance and physical nature of the landscape," Alter wrote.



#PRISM

## Scientific Interest


Born Kanakadandi Venkata Somayajulu in 1896 in modern-day Andhra Pradesh, Pranavananda assumed his new name after he was initiated into a spiritual order at the Sivananda Ashram in Rishikesh.

Two years later, he undertook his first journey to the sacred sites, travelling from Srinagar to Ladakh to Gartok in Tibet and crossing Gyanima Mandi to reach Kailash and Mansarovar. From there, he proceeded to Taklakot (Purang), a town that was a major post for Nepalese and Indian traders, and sits at an altitude of 12,975 feet above sea level. From there, Pranavananda went to Khocharnath (Khorzak), Chhakra Mandi and back to Gartok. He returned to India by crossing the Gunla Niti Pass (19,028 feet above sea level) into modern-day Uttarakhand.

It would take another seven years before Pranavnanda would make his second journey to Tibet. This time, he went through Gangotri and Nilang, crossing the Jelukhaga Pass (17,392 feet above sea level), Tholing and Mangnang, home of a 11th-century Buddhist monastery. On another journey, he crossed the 16,780-feet high Lipulekh Pass, near the tri-junction of India, Tibet and Nepal.

From 1937, the *sanyasi* began to visit the area every year and started staying in Tibet for periods ranging from





two to six months. In 1943, he ended up staying in Thugolho on the shores of Manasarovar for 16 months. It was during this stay that he was able to properly observe the changing of the seasons by the lake and the natural phenomena that accompanied it. Between 1928 and 1949, he did 23 *parikramas* or circumambulations of Kailash. He also walked around Mansarovar 25 times, including seven times in the winter. Pranavananda published his first book about the sacred places in 1939, titled '*Pilgrim's Companion to the Holy Kailas and Manasarovar.*'

The *sanyasi's* interests went well beyond the pilgrimage sites in Tibet and he made a concerted effort to explore the scientific aspects of the region, including collecting fossils and rocks. According to Alter, Pranavananda took an inflatable rubber dinghy out on Mansarovar to make soundings of its depths. "He also hauled the dinghy up to *Gauri Kund*, a small pond on the northeastern side of Mount Kailas at 5,630 metres," Alter wrote. "Later, he brought a galvanized steel boat from India with an outboard motor to continue the research."

## Eye for Detail

Pranavananda's eye for detail is clearly visible through the book, as is his adoration for the region. It would be difficult for any reader, religious or agnostic, even today to not be moved by his descriptions of Kailash and Mansarovar and have an urge to visit these still-difficult-to-access places.

"One peculiarity with the lake is that at times, when there are high waves near the shores, the middle is calm and clear like a mirror, reflecting the silvery dome of the Kailas, if seen from the southern side, or the *Mandhata's* giant heads, if seen from the northeast," he wrote. "On full moon nights, with the full moon overhead, the scene is simply indescribable. At sunset, the whole of the Kailas range on the north becomes a fiery region, all of a sudden, throwing an observer into a spell of trance, and by the time he returns to consciousness, he sees only the silvery peak in his front."

Despite these purple lines, Pranavananda's book is not entirely a romanticised account of western Tibet. The cruel vicissitudes of nature feature in it, too. "One cannot generally escape or get away without noticing a tragic spectacle, here and there, in the Mansarovar region," he wrote. "It is, for example, a pathetic sight to see hundreds of fish frozen and crushed in the swimming posture under the transparent ice (as at the mouth of the *Gyumma chhu*), or a whole flock or a line of ducks, with their young ones frozen to death and sandwiched on the surface of the ever-changing mysterious lake, or scores of new-born lambs and kids frozen to death in a shepherd camp on a single cold night, for winter in the yeaning season of sheep and goats." Sometimes, he would find droves of wild goats in deep snow, frozen to death on all fours.


## Dispelling Myths

The Kailash and Mansarovar region has been the subject of many myths, such as the existence of golden lotuses and pearls. Pranavananda was quick to dismiss their existence, calling them mythological, but added that "if someone wants to console himself by saying that they may have once existed millions of years back, there is no dispute with them."

He also addressed articles that appeared in the 1920s and '30s about the existence of *Siddhas* and *Mahatmas* in Tibet. "Most of the stories, gaining currency here, are mere exaggerations or misrepresentations, and are more of the nature of journalistic stunts than anything else," he wrote. "It may, however, be mentioned that the author had visited about 50 monasteries (i.e. almost all the monasteries of Western Tibet, and most of them in Ladakh) and met not less than 1,500 monks, both *lamas* and *dabas*, but he did not come across any great *siddha* or a *yogi* worth mentioning in the whole of Western Tibet."

He added that there were many *lamas* in Tibet who were well-versed in scriptures and 'incantation performances.' "People, in general, are very superstitious, religious-minded and devotional, and mystic in temperament," he wrote. "The author did not meet any spiritually advanced *lama* or *yogi*, nor any monk 90 to 100 years old, though, some people claim to have seen sages like Vyasa and Asvatthama and other monks and Christian saints, thousands of years old with corporeal bodies. Personally, he would neither accept such credulous statements nor would force others to disbelieve them but would prefer to leave the matter to individual judgement and discrimination."

Pranavananda did, however, believe that his guru *Swami Jnanananda* was an advanced soul. The Indian *sanyasi*-explorer, who lived till the age of 92, never went back to Tibet after 1949. After





Tibet became a part of the People's Republic of China in 1951, it anyway became difficult for Indians to visit Kailash and Mansarovar. More than seven decades on, Pranavananda's book, which contains maps and photographs, remains one of the greatest works of non-fiction about the roof of the world. The *sanyasi* summed it up best with this passage,

"Who can approach Manasarovar where snow falls without clouds?" Such phenomena forms sufficient material for the ecstatic outburst of a poet.

Thus, the *Kailas-Manas region* engages the attention of any person, of any calling or profession, whether he be a poet or a painter, a physicist or a chemist, a botanist or a zoologist, a geologist or a climatologist, a geographer or a historian, a hunter or a sportsman, a skater or a skier, a physiologist or a psychologist, an ethnologist or a sociologist, a pilgrim or a tourist, a hermit or a householder, a clergyman or a tradesman, a treasure-hunter or a spirit-hunter, a theist or an atheist, a scholar or a politician, young or old, man or woman. The book, first published in Hindi, was so well-received both, in India and abroad, that Swami Pranavananda was made a Fellow of the Royal Geographical Society in London.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#LIFESTYLE

# Cheat Code to Effective Weight Loss

Due to Ketosis, Ketones are produced which are anti-inflammatory and anti-oxidative, which are very helpful for overall health. If you have a habit of munching every next hour, then it can be controlled with the help of Ketosis.



Neeti Kotia
*Software Engineer by qualification, Writer by profession*

*Ketogenic diet* changes the way body absorbs food. It aims to alter the ratio of carbs and protein consumption, and teach the body how to burn fat for energy!

Our food consists of different nutrients. Carbohydrates break down into glucose, but it is not the only source of energy. When glucose levels become less, then our body breaks down fats, which is known as *Ketosis*. Our body goes into fat burning mode due to this process.

This metabolic state enabled our ancestors to sustain energy levels and survive periods of famine.

Due to Ketosis, Ketones are produced which are anti-inflammatory and anti-oxidative, which are very helpful for overall health. If you have a habit of munching every next hour, then it can be controlled with the help of Ketosis.



## Fun Facts

- Keto is short form for Ketogenic.
- The origin of Keto Diet dates back to 1920s.
- It was used to treat epileptic patients.
- It is sometimes made up of 80% high fat and low carbohydrates.
- You can be a vegetarian and still follow Keto diet.
- It is not advisable for pregnant ladies.
- Be careful while following a Keto diet as you may revert to binge-eat carbohydrates and end up gaining weight more than you had expected.

### Where is it considered a fad?

Due to a growing interest in health and wellness trends, the Keto diet or ketogenic diet is being followed in the United States, Canada, Australia, United Kingdom, Germany, India, South Africa, and Brazil.

### Why should you follow Keto?

- Reduced risk of cardiovascular disease, diabetes, metabolic syndrome.
- Improved levels of high-density lipoprotein, or 'good,' cholesterol

### Who should follow a Keto diet?

People choose Keto diet to lose weight. It helps people manage epilepsy, heart disease, certain brain disease, and even acne.

### Who should not do a Keto diet?

Anyone with a condition in pancreas, liver, thyroid, or gallbladder should not do Keto fasting. People new to keto diet may feel upset stomach, dizziness, decreased energy and mood swings.



### What should you avoid eating while on a Keto diet?

Bread, pasta, rice, refined carbs, beer, mixed fruit drinks like vodka tonic, rum, cola, margarita, honey and syrups, juices, sugary soda, ketchup, barbecue sauce and other condiments, glazed or honey-baked ham, light or low fat margarine, dried fruit or trail mix, low fat diet foods (yogurt, mayonnaise, salad dressings, peanut butter, skim milk), potatoes, starchy vegetables, sweetened yogurt or dairy, certain fresh fruits like mango, banana, grapes, white chocolate, milk chocolate.



### Precautions to be followed while shifting to Ketogenic diet


- **Dehydration:** As your body loses water weight, you might experience increased thirst and dry mouth. Dehydration can lead to other health complications, if you don't follow proper diet and nutrition.
- **Fatigue:** Removing carbs can cause general tiredness and a decrease in exercise performance, especially at first. This is because your muscles' glycogen stores are reduced, which are the main fuel source for high intensity exercise.
- **Bad breath:** Smelly breath, which can smell fruity or like nail polish, is a common side effect of the keto diet. You can try brushing your teeth, staying hydrated, eating more protein, or waiting it out to combat the smell.

### Key Takeaways

The keto diet is high in fat, moderate in protein, and very low in carbs. It does not aim to starve, but to nourish the body in a healthy way. Removing white sugar, wheat, rice, refined flour from the diet shouldn't be a hassle with healthier options like cottage cheese, fresh greens, fruits, milk, and fish, available for self-motivated people who wish to lose weight. For a more comprehensive understanding, look for *vegan keto meals*, *vegetarian keto diet charts*, or *keto food items* list on Google.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# ट्रक में अधजली हालत में मिले शव के मामले का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

## बीमा क्लेम लेने के चक्कर में आरोपी ने अपने आपको मरा हुआ दिखाने के चक्कर में मजदूर दिनेश उर्फ देशी की जिंदा जलाकर हत्या की थी

**सादुलपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 सादुलपुर चूरू पर एक पखवाड़े से भी अधिक समय पहले एक ट्रक में अधजली हालात में मिले अज्ञात शव के मामले में राजगढ़ थाना पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मामले में जिंदा जलाकर हत्या करने के आरोप में आरोपी को गिरफ्तार किया।

प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि ऑनलाइन जुआ सट्टा खेलकर लाखों की संपत्ति के कर्ज में डूब जाने के कारण देनदारों द्वारा आए दिन पैसे मांगने के चलते अपने पड़ोस में हुई ऐसी घटना से प्रेरित होकर बीमा कंपनी से क्लेम लेने के लिए मृतक दिनेश उर्फ देशी मजदूर को जिंदा जलाकर हत्या कर दी और फरार हो गया। गिरफ्तार शातिर आरोपी राजेश कुमार ने बीमा क्लेम लेने के चक्कर में दिनेश उर्फ देशी की जगह खुद को ट्रक में जलाकर अपने आप को मरा हुआ दिखाना चाह रहा था। इस संबंध अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल आरपीएस तथा आईपीएस प्रशांत किरण ने बताया कि मामले में आरोपी राजेश कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जाट निवासी बरवाला जिला हिसार हरियाणा को ट्रेशआउट कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार करने की कार्रवाई की। आईपीएस प्रशांत किरण बताया कि गिरफ्तार आरोपी राजेश कुमार द्वारा मृतक दिनेश उर्फ देशी को 6 जून की रात्रि में हिसार बरवाला से अपने ट्रक में मजदूरी के बहाने अपने साथ बैठाकर रवाना हुआ।



ट्रक में युवक को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

■ आरोपी राजेश कुमार ऑनलाइन जुआ सट्टा खेलकर लाखों की संपत्ति के कर्ज में डूब गया था

रास्ते में आरोपी राजेश कुमार ने मृतक दिनेश उर्फ देशी को शराब पिलाई तथा मृतक दिनेश उर्फ देशी शराब के नशे में ट्रक में ही सो गया। सात जून के सुबह करीब चार बजे हिसार बाईपास राजगढ़ के पास पहुंचकर आरोपी राजेश ने ट्रक को रोड के साइड में खडा कर ट्रक के केबिन में पेट्रोल छिडक कर आग लगा दी। तथा केबिन को बाहर से लोक कर दिया। जिसके कारण मजदूर दिनेश उर्फ देशी जिंदा जल गया था। आरोपी राजेश कुमार ऑनलाइन जुआ सट्टा खेलकर लाखों की संपत्ति के कर्ज में डूब जाने के कारण देनदारों द्वारा आए दिन पैसे मांगने के चलते बीमा कंपनी से क्लेम लेने के लिए मृतक दिनेश उर्फ देशी की जगह अपने आप को जिंदा जलाकर खुद को मरा हुआ। दिखाकर क्लेम लेने के चक्कर में था। 9 जून को मृतक दिनेश उर्फ देशी के बडे भाई ओमप्रकाश ने हत्या का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया था।

# महिलाओं पर जानलेवा हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों ने जमीन के विवाद को लेकर महिलाओं पर हमला किया था

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी नगर पुलिस ने खरखड़ा में महिलाओं पर हुए जानलेवा हमले के दो आरोपियों को देर शाम को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने जमीन के विवाद को लेकर घर में अकेली महिलाओं पर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार की है।

थानाधिकारी विजय सिंह चंदेल ने बताया कि 17 जून को कीरो की ढाणी तन खरखड़ा निवासी रामसिंह ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि रात करीब 11 बजे उनके पड़ोसी धर्मपाल, अशोक, बिल्लू एकराय होकर उनके घर पर आए तथा घर में महिलाओं को अकेली देखकर जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान हमले में शारदा देवी, विनोद देवी, सावित्री घायल हो गई थी, जिन्हें हालत गंभीर होने पर चौमूं के निजी अस्पताल में ले जाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर वारदात के आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए गए।

इस दौरान पुलिस की टीम ने उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर बिल्लू पुत्र जगदीश व अशोक कुमार पुत्र जगदीश को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि आरोपियों से प्रथम पूछताछ में सामने आया कि जमीन के विवाद को लेकर उन्होंने घर में अकेली महिलाओं पर लोहे की राड़ से हमला कर फरार हो गए थे। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल, एएसआई विजय भडिया, एचसी महिपाल सिंह, कांस्टेबल महेश कुमार, चंद्र पाल आदि शामिल थे।



खेतड़ी नगर पुलिस ने खरखड़ा में महिलाओं पर हुए हमले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# "एक पेड़ मां के नाम अभियान" में पौधारोपण किया

**सीकर, (निसं)।** भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रखाद मुखर्जी की पुण्यतिथि रविवार को जिला भाजपा कार्यालय में मनाई गई। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना, जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल व पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी की फोटो के समक्ष पुष्पांजलि से श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान कार्यालय में पार्टी के "एक पेड़ मां के नाम अभियान" में पौधारोपण भी किया।

देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने कहा कि भाजपा के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर के लिए अपना बलिदान दे दिया। वे कहा करते थे कि एक ही देश में दो निशान व दो विधान नहीं चल सकते। कहा कि उन्होंने हमेशा इसका विरोध किया और इसके लिए अपने प्राणों की भी आहूति दे दी। ऐसे महापुरूषों से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। जिलाध्यक्ष डॉ. कमल सिखवाल ने कहा कि भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसका श्रेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं को है। जिन्होंने पार्टी की स्थापना देश हित में की। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने हमेशा से ही कश्मीर में अलग निशान व अलग विधान को लेकर विरोध किया। सिखवाल ने कहा कि देश में कांग्रेस शासन के समय जो यातनाएं जनता को दी और जनता ने उन यातनाओं को झेला उनसे छुटकारा दिलाने के लिए भाजपा की स्थापना दी। ऐसे महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कश्मीर को लेकर जो पीड़ा थी उसे सबके सामने रखा और हमेशा इसका विरोध किया। ऐसे महापुरूषों के व्यक्तित्व को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

भाजपा जिला कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना सहित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण करते हुए उनकी संभाल का जिम्मा भी लिया। सभी ने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वाधिक पौधारोपण करते हुए राजस्थान को हरा-भरा रखने में अपना योगदान देंगे। इस दौरान जिला महामंत्री संजय सैनी, गोविंद बिजारणियां, जगदीश कुमावत, ओमप्रकाश बिजारणियां, नेमीचंद कुमावत, डॉ. बीएल रणवां, श्रीहरि बियाणी, अनिता शर्मा, कविता चौधरी, जितेंद्र रानोली, नंदकिशोर सैनी, स्वदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## करंट से एक व्यक्ति की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** हमीरवास थाना अंतर्गत गांव इंद्रपुरा में विद्युत करंट की चपेट में आ जाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। दर्ज मामले में हमीरवास थाना अधिकारी मदन लाल बिश्नोई ने बताया कि जागेराम पुत्र दरिया सिंह जाट निवासी इन्द्रपुरा ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 22 जून की बीती रात्रि को उसके चाचा हवासिंह लघुशंका करने के लिए घर से बाहर आया और घर के पास लगे विद्युत पोल के नजदीक लघुशंका करने लगा तो अचानक पोल के सटे के तार में करंट आ गया। जिसके कारण हवासिंह करंट की चपेट में आ गया। दर्ज मामले में बताया कि उसकी चाची रामा देवी ने उठकर बाहर आकर देखा तो हवासिंह विद्युत पोल के पास मृत पड़ा था। यह देखकर वह जोर-जोर से रोने लगी और आस पडौस के व्यक्ति मौके पर आ गए। दर्ज मामले में आरोप लगाया कि विद्युत निगम की लापरवाही के कारण उक्त पोल के स्टे वायर में करंट आ गया, जिससे उसके चाचा की मृत्यु हो गई।

# पांच दिन से लापता युवक की कुएं में लाश मिली

## लापरवाही के आरोप में थाना अधिकारी एवं हेड कांस्टेबल लाइन हाजिर

**बिजयनगर, (निसं)।** बिजयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुरा निवासी दिलखुश गुर्जर के लापता होने के पांच दिन बाद शनिवार को युवक का शव कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम बहादुरपुरा से करीब पांच दिन पूर्व लापता हुये युवक को लेकर परिजनों ने बिजयनगर पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। शनिवार को ग्राम जयसिंहपुरा के पास एक कुएं में शव होने की जानकारी मिलने पर परिजन सहित ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की लापता युवक का शनिवार को ग्राम जयसिंहपुरा के पास एक कुएं में शव होने की जानकारी मिली कुएं के पास लापता दिलखुश गुर्जर के जूते दिखाई देने से परिजनों ने कुएं में दिलखुश गुर्जर का शव होने की आशंका जताई। सूचना मिलने पर पर विजयनगर पूलिस मौके पर पहुंची इस दौरान मौके पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई। शनिवार देर शाम एफएसएल टीम मौके पर पहुंची एवं आसपास का मौका मुआयना किया, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते मृतक के शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़, मसूदा सीओ सज्जन सिंह विजयनगर सहित आसपास के क्षेत्र का पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचा। साथ ही मौके पर पुलिस अधिकारियों ग्रामीणों से समझाइश की। समझाइश के दौरान वार्ता में कैलाश गुर्जर ओबीसी मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज गुर्जर पूर्व पालिका अध्यक्ष गुलाबपुरा गुलाब गुर्जर देवीलाल भारू दयाल पप्पू किशन गुर्जर प्रीतम जाट सहितगुर्जर समाज एवं अन्य समाज के लोग शामिल हुए। शनिवार देर शाम एफएसएल टीम मौके पर पहुंची एवं आसपास का मौका मुआयना किया लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते मौके पर शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका।

ग्राम बहादूरपुरा निवासी दिलखुश गुर्जर पुत्र गिरधारी लाल गुर्जर बाहर जाने के बाद वापस घर पर नहीं लोटा तथा दिलखुश गुर्जर का अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण करने को लेकर छह दिन पूर्व परिजनों ने विजयनगर पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। ग्रामीणों के विरोध पर थानाधिकारी करणसिंह व हेड कांस्टेबल विजेन्द्र सिंह को लाइन हाजिर किया, पीड़ित के परिजनों को उचित मुआवजा व मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई जिसे प्रशासन ने माना। मेडिकल बोर्ड से होगा मृतक के शव का पोस्टमार्टम सहमति के पश्चात मृतक शव को कुंए से बाहर निकाला और राजकीय चिकित्सालय बिजयनगर की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने रविवार को मृतक के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# अवैध बजरी भरे 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, वाहन चालक फरार

## कार्रवाई से बजरी खनन व परिवहन करने वाले माफियाओं में हड़कंप

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र की मित्रपुरा पुलिस ने रविवार को अवैध बजरी खनन व परिवहन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मय बजरी के पकड़कर मित्रपुरा थाने में खड़ा करवाया है एवं उनके खिलाफ एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि रविवार को मूखबिर तंत्र की सूचना पर मित्रपुरा पुलिस द्वारा चार टीमें गठित करके अवैध बजरी खनन एवं परिवहन से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम घाटा नैनवाड़ी के पास से 13 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को मय बजरी से भरे पड़कर एमएमडीआर एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। करवाई के दौरान अवैध बजरी खनन व परिवहन से जुड़े ट्रैक्टर- ट्रॉली चालक अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस की कार्रवाई से अवैध बजरी खनन व परिवहन करने वाले माफियाओं में हड़कंप मच गया।



मित्रपुरा पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मय बजरी के पकड़कर थाने में खड़ा करवाया।

# असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व पूर्व सीएम वसुंधरा राजे एक साथ दिखे

## सुंदरसिंह भण्डारी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर व्याख्यानमाला आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** रविवार को टाउन हॉल स्थित सुखाडिया रंगमंच पर सुंदरसिंह भण्डारी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सुंदरसिंह भण्डारी और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित व्याख्यानमाला में मंच पर मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया व मुख्य वक्ता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एक साथ दिखना राजनीति के जानकारों को चकित कर गया।

■ मंच पर दोनों का एक साथ दिखना राजनीति के जानकारों को चकित कर गया

राजनीति में धुर विरोधी रहे कटारिया और वसुंधरा का एक समय पर एक मंच पर होना ही बड़ी पॉलिटिकल खबर है लेकिन कार्यक्रम के दौरान एक और वाकया हो गया। वरिष्ठ संघनिष्ठ अधिवक्ता विजयलाल सुहालका कार्यक्रम के दौरान अचानक वसुंधरा का स्वागत करने व ज्ञापन देने अपनी बैसाखी का सहारा लेते हुए मंच पर आ गए। वे वसुंधरा राजे की ओर बढ़े तभी कटारिया को यह सब नागवार गुजरा व नोकझोक हो गई। कटारिया उठे व उन्हें जमकर हड़काया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने लगभग धकियाते हुए पुराने संघ के कार्यकर्ता रहे विजयलाल सुहालका को मंच के एक छोर से नीचे की ओर भेज दिया। यह कार्यक्रम भाजपा को मजबूत का जड़ों को सींचने वाले दो महामनिषियों का था और उसमें भी पुराने जनसंघ के जमाने के कार्यकर्ता से इस तरह का व्यवहार वहां मौजूद कई लोगों को रास नहीं आया। वीडियो वायरल हो गया, लेकिन बाद में वरिष्ठ संघनिष्ठ अधिवक्ता विजयलाल सुहालका को आखिरकार वसुंधरा राजे से मिलने का मौका मिल ही गया।

कार्यक्रम के बाद उन्हें वसुंधरा की ओर से बुलाया गया। सुहालका ने बताया कि कटारियाजी ने भी मंच से क्षमा मांगी कि किसी कार्यकर्ता को कुछ कह दिया हो तो क्षमा चाहता हूं। इसलिए अब मेरा गुस्सा भी ठंडा हो गया है। मैं सविना से 50 रूपए की स्पेशल गुलाब वाली माला लेकर आया था जिसे वसुंधराजी को भेंट की। साथ ही ज्ञापन दिया। सुहालका ने बताया कि ज्ञापन में वसुंधरा मंच को मैं सर्टिफाइड करवाना चाहता हूं। उसका शपथ समारोह बार हॉल में रखना चाहता हूं। थोड़ा खर्चा करके गेस्ट भी बुलाउंगा। मंच में कई लोग जुड़ने को तैयार हैं। उस कार्यक्रम में वसुंधरा के सुपुत्र दुष्यंत को बुलाएंगे। इसी को लेकर आज वसुंधराजी से बात हुई, उन्होंने इसके लिए हां कर दी है। वैसे यहां पर वसुंधराजी के साथ आज भी कोल्ड वार चल रहा है। कटारियाजी ने किसको राजनीतिक रूप से नहीं काटा यह बात सबको पता है।

# दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

■ स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया

**बीदासर, (निसं)।** सुजानगढ़ में एएनएम के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर रविवार को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सीएचसी बीदासर में एक घंटे का कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा तथा रोगी इधर-उधर भटकते नजर आए।

सीएचसी के बाहर प्रदर्शन कर रही एएनएम, एलएचवी संघ की सरोज भामू ने बताया कि जब तक आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की जाती तब तक आंदोलन को ओर उग्र कर सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार की रूपरेखा बनाई जाएगी। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने एएनएम के साथ हुई घटना की कड़े शब्दों में निंदा की तथा साथ ही जिला कार्यकारिणियों द्वारा सोमवार से सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा। नर्सेज लीडर सरीता जाखड़ ने बताया कि घटना को आज चार दिन बीत जाने के बावजूद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना बड़े शर्म की बात है। आरोपी की अविलम्ब गिरफ्तारी न होने पर नर्सेज को बड़े आंदोलन की ओर अग्रसर होना पड़ेगा। सीएचसी के बाहर प्रदर्शन में रूपचंद दर्जी, सुमन कस्वा, सरला सैन, सरला स्वामी, धर्मदत्त शर्मा, मनमोहन शर्मा, विजयलता भोमपुरा, सुमन बैरासर, निर्मला ढिगारीया, शशीप्रभा ढाणी स्वामीयान, बबीता रेड़ा, बनेश, ममता, अरूण, संतोष, प्रिंयका, सरोज ढाणी कालेरान आदि कार्मिक उपस्थित थे।

# पेयजल संकट से लोग परेशान

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीषण गर्मी के बीच जलदाय विभाग और सीवरेज की लापरवाहियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर की अमृत विहार कॉलोनी में क्षेत्रवासी पेयजल संकट से जूझ रहे है।

क्षेत्रवासियों ने कुम्भकरणी नींद सोए प्रशासन को जगाने के लिए मटकी फोड़ प्रदर्शन किया, और जमकर नारेबाजी भी की। महिलाओ का कहना था की क्षेत्र में सीवरेज की खुदाई का कार्य चला तब से पेयजल की समस्या आम हो गई। सीवरेज की खुदाई में कई जगह पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइनों को क्षितग्रस्त कर दिया गया, जिसके कारण करीब डेढ़ माह से क्षेत्र में पेयजल संकट आ खड़ा हुआ। क्षेत्रवासियों ने विधायक अशोक कोठारी, स्थानीय पार्षद और विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अपनी समस्या से अवगत करवाया लेकिन किसी ने इन लोगो की प्यास बुझाने के कोशिश नही की।

# जानलेवा हमले के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** वर्चस्व को लेकर रीको एरिया में चल रहे दो गुटों के विवाद और जानलेवा हमले के मामले से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने गत दिनों मजदूर नेता पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था।

प्रताप नगर थाना पुलिस ने बताया कि 11 जून को बंशीलाल माली ने रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने बताया कि वह और मजदूर नेता पन्नालाल जाट, देवीलाल गाडरी व भावरलाल विश्नोई रीको फोर्थ फेज माधव चौराहे पर चाय की होटल के सामने प्याऊ पर बैठे हुए थे। इस दौरान एक स्कॉर्पियो गाड़ी पास में आई और चालक ने उन पर दो राउंड फायर किए। जानलेवा हमले के इस मामले के पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र के आधार पर पुलिस ने जानलेवा हमला करने के आरोपी रामेश्वर लाल पिता स्व चांदू भील निवासी कलुंदिया को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर डीएसटी और साइबर सेल की सयुक्त टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपित को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस टीम में साबिर मोहम्मद सउनि, आशीष मिश्रा सउनि साइबर सेल, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल करण सिंह, स्पेशल टीम से धीरज शर्मा के साथ ही कुल 14 पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। पुलिस टीम ने जानलेवा हमले में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार भी बरामद की है।



जानलेवा हमले के मामले से जुड़े एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ आरोपी ने गत दिनों मजदूर नेता पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था

■ मुखबिर तंत्र के जरिए आरोपित को गिरफ्तार किया

# तृतीय श्रेणी शिक्षक एवं सूचना सहायक भर्ती परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े का खुलासा

## डमी अभ्यर्थी बैठाकर नौकरी हासिल करने वाला सूचना सहायक गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती एवं सूचना सहायक भर्ती परीक्षा में हुए फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए पुलिस ने रविवार को बीसीएमओ कार्यालय सज्जनगढ़ में पदस्थापित सूचना सहायक मुकेश पुत्र हवसिंह मईडा को गिरफ्तार किया है।

महानिरीक्षक एस. परिमला एवं जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। जिला पुलिस अधीक्षक अग्रवाला ने बताया कि सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेन्द्र सिंह ने मुखबीर की सूचना पर डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाकर सूचना सहायक की नौकरी हासिल करने वाले मुकेश को गिरफ्तार किया। अग्रवाला ने बताया कि मुकेश ने सूचना सहायक भर्ती-2018 की परीक्षा के आवेदन पत्र में अन्य डमी अभ्यर्थी के फोटो भरकर डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाते हुए उक्त पद हासिल किया। इस तथ्य की जांच के लिये अभ्यर्थी की मूल पत्रावली के समस्त दस्तावेजों का बारिकी से निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि आवेदन पत्रों पर लगी हुई फोटो प्रथम दृष्टतया अलग-अलग व्यक्ति एवं आवेदन पत्रों पर हस्ताक्षर भी प्रथम दृष्टया अलग-अलग व्यक्ति द्वारा किये जाना पाया गया। आरोपी मुकेश के विरुद्ध भादस की विभिन्न धाराओं, 66 डी आईटी एक्ट व धारा 3, 4, 6, 7, 10 राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम 1992 का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया।



डमी अभ्यर्थी बैठाकर सूचना सहायक का पद अर्जित करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

- बीसीएमओ कार्यालय सज्जनगढ़ में पदस्थापित है सूचना सहायक मुकेश पुत्र हवसिंह मईडा

पुलिस ने न्यायालय से आरोपी मुकेश को पांच दिन की पुलिस अभिरक्षा में लिया है। पूछताछ पर पता चला कि मुकेश का संपर्क स्थानीय एजेन्ट के माध्यम से जालौर व बाडमेर जिले के व्यक्तियों से हुआ। इस मामले में और गिरफ्तारियों की संभावना है। पुलिस टीम में वृत्ताधिकारी बागीदौरा विनय चौधरी, कुशलगढ़ वृत्ताधिकारी शिवन्या सिंह, कलिंजरा थानाधिकारी रोहित कुमार, सज्जनगढ़ थानाधिकारी नागेन्द्र सिंह, कलिंजरा के कांस्टेबल विजेश कुमार, अखिलेश व विमल कुमार शामिल रहे।

# जैसलमेर में शिकारियों ने गोली मारकर हिरण का शिकार किया

## हिरण भागकर झाड़ियों में छिप गया, शिकारियों को हिरण नहीं मिलने पर वे मौके से चले गए

- रातभर झाड़ियों में रहने के कारण ज्यादा खून बहा और हिरण की मौत हो गई, पर्यावरण प्रेमियों में आक्रोश
- सूचना मिलने के करीब छह घंटे के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच की

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। राज्य के जोधपुर में अभिनेता सलमान खान को हिरण शिकार करने पर न्यायालय द्वारा जेल की सलाखों के पीछे भेजने के उपरांत भी जैसलमेर में हिरण शिकार की वारदातें आये दिन हो रही है। पिछले दिनों शिकारियों ने नेहड़ाई के समीप हिरण का शिकार किया। शनिवार को लाठी के समीप हिरण को तीन गोली मारकर शिकार कर दिया।

जैसलमेर के लाठी वन विभाग के लाला-कराड़ा गांव की सरहद पर शनिवार रात को शिकारियों ने एक चिंकारा हिरण का शिकार किया। शिकारियों ने हिरण को तीन गोलियां मारी। हिरण भागकर झाड़ियों में छिप गया। शिकारियों को हिरण नहीं मिलने पर वे मौके से चले गए। रातभर झाड़ियों में रहने के कारण ज्यादा खून बहा और हिरण की मौत हो गई। रविवार सुबह ग्रामीणों को झाड़ियों में मृत हिरण नजर आने के बाद पर्यावरण प्रेमियों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। मौके पर आए पर्यावरण प्रेमियों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के करीब छह घंटे के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन विभाग की टीम घटना की जांच कर रही है।

पर्यावरण प्रेमी सुमेरसिंह ने बताया कि मृत हिरण को तीन गोलियां लगी है। खुलेआम वन्य जीवों का शिकार हो रहा है, मगर वन विभाग की नींद नहीं खुल रही है। इस तरह तीन गोलियां मारकर हिरण का शिकार करने के मामले में सभी वन्य जीव प्रेमियों और पर्यावरण प्रेमियों में गुस्सा है। साथ ही मांग है कि जल्द से जल्द शिकारियों को गिरफ्तार किया जाए।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के गंगापुर थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-758 गलोदिया गांव के निकट अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवको मौत हो गई। दोनों युवक जेसीबी चालक थे। गंगापुर थाना पुलिस के अनुसार नेशनल हाईवे-758 पर बीती रात में गलोदिया गांव के निकट गलत दिशा में जा रही एक बाइक पर सवार दो युवकों को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर गंगापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को गंगापुर अस्पताल लाया गया, जहां से उनको भीलवाड़ा रेफर किया गया। उपचार के दौरान दोनों बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। मृतकों की शिनाख्त राजू सिंह रावत निवासी ब्यावर, फोरू मीना निवासी जहाजपुर के रूप में हुई है दोनों मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिए गए, जिनका परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

# आठ साल की बेटी सहित विवाहिता लापता

- 25 हजार नकद, जेवरात भी साथ लेकर गई थी महिला
- विवाहिता अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकली थी

**अजमेर,** (कासं)। जिले के ग्राम ककलाना निवासी एक विवाहिता अस्पताल जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। विवाहिता के साथ उसकी 8 वर्षीय पुत्री भी है। पति का आरोप है कि पत्नी अपने साथ सोना-चांदी के जेवरात, 25 हजार नगद और पड़ोसी से 6 हजार रुपए उधार भी लेकर गई है।

ककलाना निवासी सलीम पुत्र बाबू ने सदर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि उसकी पत्नी माया गत 19 जून को सुबह उसके पिता बाबू को पुत्री खुशबू को अस्पताल दिखाने की बात कहकर घर से निकली थी। इस दौरान वह काम पर गया हुआ था और शाम को चार बजे पत्नी माया का उसके पास फोन आया कि वह अपने पिता के पास पीहर जा रही है और उसने फोन काट दिया। शाम छह बजे वह अपने घर पहुंचा तो उसके पिता बाबू ने बताया कि उसकी पत्नी अस्पताल जाने की बात कहकर गई थी। लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटी, जिस पर उसने उसकी आस-पास तलाश की लेकिन उसका पता नहीं लगा। इसके बाद वह अपने ससुराल ग्राम भर्तवा भीम गया और पत्नी माया के बारे में पूछताछ की तो उसके ससुराल वालों ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

शिकायत में आरोप लगाया कि साले प्रकाश पुत्र लक्ष्मण व नानी सास सुगरा ने उसके साथ गाली-गलौच कर वहां से भगा दिया। उसकी पत्नी अपने साथ सोने-चांदी के जेवरात, 25 हजार नगद और पड़ोसी से 6 हजार रुपए उधार भी लेकर गई है। सदर थाना पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर तलाश के प्रयास शुरू कर दिए।

# करंट से 37 भेड़ों की मौत

**जालोर,** (का.सं.)। जालोर जिले के भीनमाल स्थित नरसाना गांव में बारिश के दौरान बिजली के खंभे से बाड़े में लगी फेंसिंग जाली में करंट दौड़ने से 37 भेड़ों के करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई। नरसाना के पशुपालक कानाराम देवासी ने बताया कि घर के वह घर के पास भेड़ों का बाड़ा बनाया हुआ है जिसमें लोहे की फेंसिंग जाली लगा रखी है। जिससे बिजली का पोल टच करता है खंबा ऊपर से क्षितठास्त है और पोल के अंदर लगे लोहे के सरीये मे करंट आने से नीचे पोल में लगे कुंडे से फेसिंग जाली मे करंट दौड गया। जिससे जाली के पास बैठी 37 भेडे करंट की चपेट मे आने से मौत हो गई।

# 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का सीधा हस्तांतरण होगा'

## 27 जून को झुंझुनूं में होगा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 27 जून को झुंझुनूं में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का पेंशनर्स के खातों में डीबीटी करेंगे। इस दौरान शर्मा लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि चुनाव पूर्व किया गया एक और वादा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूरा किया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास सबका विश्वास की भावना से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े

- 88.44 लाख पेंशनर्स के खातों में 1038.55 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी होगी

व्यक्ति व उनके परिवार को राज्य सरकार की सुविधाओं से लाभान्वित करने को प्रतिबद्ध है और आगे भी सरकार लोक कल्याण के कार्य जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत व विकसित राजस्थान का संकल्प भी पूरा करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के खाते में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 88.44 लाख लाभार्थियों के खाते में 1038.55 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि एक अप्रैल 2024 से पेंशन राशि 1000 से बढ़कर 1150 रुपए दी जा रही है। विभाग द्वारा मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

अविनाश गहलोत ने बताया कि राज्य सरकार बुजुर्गों व जरूरतमंद को पेंशन देकर उन्हें आर्थिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर रही है तथा तथा समाज के वंचित एवं पिछड़े वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# डॉ. मुखर्जी ने देश की अखण्डता-एकता के लिए बलिदान दिया: भजनलाल शर्मा

## 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश ने बड़ा बदलाव देखा'

**धौलपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को धौलपुर के भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान चिंतक, विचारक और राष्ट्रप्रेमी थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की एकता-अखण्डता के लिए समर्पित किया। हम सभी को डॉ. मुखर्जी के बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने आजादी के बाद बनी पहली सरकार में मंत्री का पद त्याग दिया था क्योंकि उस वक्त की सरकार तुष्टीकरण की नीति पर चल रही थी और जम्मू-कश्मीर की नीति पर उनके स्पष्ट विचार थे कि एक देश में दो निशान दो विधान नहीं होने चाहिए। डॉ. मुखर्जी ने बंगाल में अकाल के दौरान भी किसानों-गरीबों की सेवा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का विरोध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सबसे पहले किया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रवाद की भावना से जिस जनसंघ की स्थापना में अहम भूमिका निभायी, वह आज भारतीय जनता पार्टी के रूप में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बड़े बदलाव को देखा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का कार्य किया गया है। शर्मा ने कहा कि गरीब कल्याण, विकास योजनाओं, सीमा सुरक्षा के जरिए प्रधानमंत्री ने देश का मान पूरे



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

विश्व में बढ़ाया है। शर्मा ने कहा कि सरकार बनने के बाद 6 महीने में हमने

- छह माह में हमारी सरकार ने संकल्प पत्र के 45 प्रतिशत वायदे पूरे किए : मुख्यमंत्री

संकल्प पत्र के लगभग 45 प्रतिशत वायदों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय विचार से प्रेरणा लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी जरूरतमंद इन योजनाओं का लाभ लेने से नहीं छूटे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि बजट के लिए जरूरी सुझाव अवश्य दें। बजट पूर्व संवाद के जरिए सभी वर्गों के सुझावों को शामिल करने का प्रयास भी किया जा रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपनाकर देश-सेवा के कार्य में जुटे रहें।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी की नीति और विचार ही ऐसे हैं कि हम समर्पित भाव से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम, एसटी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष नारायण मीणा, संभाग सह प्रभारी दीनदयाल कुमावत, जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, लोकसभा भाजपा प्रत्याशी इंदू जाटव एवं विधानसभा प्रत्याशी गिर्राज मलिंगा, नीरजा शर्मा, शिवचरण कुशवाहा, सुखराम कोली सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

# डॉ. अंबेडकर की मूर्ति को तोड़ ले गए असामाजिक तत्व

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मिर्जापुर क्षेत्र के हिंगोटिया रोड सरकारी स्कूल के पीछे जमीन का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक पक्ष का कहना है कि यह जमीन समाज की है, जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि यह उनकी खुद की खातेदारी की जमीन है। शनिवार रात कुछ असामाजिक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर उठा ले गए। लोगों को पता चलने पर उन्होंने बदमाशों का पीछा किया और बदमाश बाइक और चप्पल मौके से छोड़कर फरार हो गए।

सूचना पर रात को पुलिस भी मौके पर पहुंची। दूसरे दिन लोगों को पता चलने पर उनमें आक्रोश फैल गया। हिंगोटिया रोड स्थित एक भूमि पर लंबे समय से दो पक्षों में विवाद चल रहा है। इनमें एक पक्ष जमीन को एससी समाज की जमीन बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष उसके खातेदारी की जमीन बता रहा है। इसी विवाद के बीच शनिवार रात को कुछ असामाजिक तत्व यहां आए और यहां



घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

लगी अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर ले गए। समाज के शिवनारायण ने बताया कि रात करीब 10 बजे के बाद कुछ बदमाश यहां काफी समय से लगी अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर ले गए। पता चलने पर कुछ लोगों ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाश रोकने गए लोगों के साथ मारपीट कर भाग गए।

शिवनारायण सहित समाज के लोगों ने बताया कि यह समाज की जमीन है, जिसमें भूमाफियाओं की नजर है और इसे बेचना चाहते हैं। लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा को पुनः स्थापित करने सहित बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# अपहरण कर फिरौती वसूली घटना का पर्दाफाश, तीन आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार

## पुलिस गिरफ्त में मास्टर माइंड सलमान उर्फ कूका व दो अन्य शामिल है

**अजमेर,** (कासं)। रामगंज थाना क्षेत्र में प्लास्टिक व्यापारी का अपहरण कर 20 लाख की फिरौती वसूलने के मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में मास्टर माइंड सलमान उर्फ कूका व दो अन्य शामिल है। फिरौती की राशि से खरीदी गई एक पुरानी कार भी पुलिस ने बरामद कर जब्त की है। आरोपियों ने फिरौती में वसूली गई 20 लाख रुपए की रकम का दिल्ली में ही बंटवारा किया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली:-अजमेर एएसपी दुर्गसिंह राजपुरोहित ने बताया कि रामगंज थाना क्षेत्र के चंद्रवरदाई नगर निवासी नरेश मनकानी ने थाने में अपहरणकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वारदात के बाद आरोपी बिना नम्बरी कार में फरार हो गए थे। एसपी देवेंद्र विश्नोई के दिशा निर्देशों पर पुलिस टीमों का गठन कर आसपास के क्षेत्रों मे लगे हुए सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया। टीमों ने विभिन्न हाईवे, टोल और बाजारों में लगे हुए लगभग 350 कैमरों की फुटेज को खंगाला। उन्होंने बताया कि आरोपी बार-बार अपनी लोकेशन बदल रहे थे और अधिक देर तक एक जगह पर नहीं रूक रहे थे। एएसपी राजपुरोहित ने बताया कि आरोपियों द्वारा अपने महंगे शौक पूरे करने व अन्य आरोपियों की फरारी व अपनी फरारी काटने के खर्च के लिए अपहरण कर फिरौती वसूली गई।



व्यापारी का अपहरण कर फिरौती वसूलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- फिरौती की राशि से खरीदी गई एक पुरानी कार भी पुलिस ने बरामद की
- आरोपियों ने फिरौती में वसूली गई 20 लाख का दिल्ली में ही बंटवारा किया

थाना प्रभारी रविन्द्रसिंह खींची ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कूका को फिरोज के साथ देखा गया था। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर तीनों आरोपियों को पकड़ लिया है। सलमान उर्फ कूका पुत्र ताजू खान निवासी ग्राम सोमलपुर, साजन पुत्र सत्तार चीता निवासी हरियाली बाडिया सोमलपुर तथा फिरोज पुत्र अशरफ मेहरात निवासी ग्राम लसानिया प्रथम पुलिस थाना ब्यावर सदर जिला ब्यावर को दस्तयाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी खींची ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वारदात के बाद आरोपी दिल्ली चले जाने, दिल्ली में ही वसूली गई 20 लाख रुपए की रकम को आपस में बांट लिया और साजन व कूका ने इस राशि में से दो लाख में एक पुरानी कार भी खरीदी। प्रकरण में मुल्जिम सलमान उर्फ कूका के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में रामगंज थानाधिकारी रविन्द्र सिंह खींची, अलवर गेट थाना अधिकारी श्याम सिंह, आदर्श नगर थाना अधिकारी दिनेश कुमावत, सउनि रामगंज थाना होशियार सिंह, दुर्गेश सिंह सउनि साईबर सैल, हैड कानि. धीर सिंह, कानि. हेमन्त, संदीप (विशेष योगदान), कानि. शेरसिंह, प्रकाश सिंह, राजेश व किशन लाल शामिल रहे।

# हत्या व डकैती की योजना बनाते पांच जने गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के सूरजपोल थाना पुलिस ने हत्या एवं डकैती की योजना बनाते पांच आरोपी गिरफ्तार इनके कब्जे से देशी पिस्टलय मय कारतूस व मादक पदार्थ, हथियार व दो स्कूटी बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी सुनिल चारण के नेतृत्व में एसआई दिनेश पाटीदार मय टीम 22 जून को गश्त के दौरान मुखबीर से खांजीपीर कब्रिस्तान गेट के सामने रेलवे कैम्पस में झाड़ियों के पिछे बैठे हैं जो आयड़ निवासी इर्शाद की हत्या करने तथा पैट्रोल पंप लूट की योजना बनाने की मुखबीर से सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे, जहां आपसी रंजिश के चलते आयड़ निवासी ईरशाद व उसके भाई की गोली मार कर हत्या करने की योजना बनाते मो. रिजवान पुत्र हनीफ उर्फ हाजी निवासी जरीना कॉलोनी किशनपोल सूरजपोल, सोयब शेख उर्फ भोलू पुत्र मो. सिराज निवासी जरीना कॉलोनी किशनपोल सूरजपोल, मो. सईद शाकीर पुत्र जफर बैग निवासी आयड़ भुपालपुरा, मोईन खान उर्फ मच्छी पुत्र इदरीस खान निवासी जरीना कॉलोनी किशनपोल सूरजपोल, मोहसिन उर्फ टड्डी पुत्र रूस्तम अली निवासी रजानगर किशनपोल को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी मो. रिजवान के कब्जे से लठ्ठ व 56 ग्राम चरस, सोयब शेख के कब्जे से कब्जे से छुर्री, मो. शाकीर के कब्जे से देशी लोडेड पिस्टल व दो जिंदा कारतूस व स्कूटी, मोईन खान के कब्जे से छुर्री, मोहसीन के से गुप्ती बरामद कर प्रकरण दर्ज किया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा. नि. वि. खण्ड रामगंजमण्डी**

क्रमांक-155 | **निविदा सूचना संख्या 03/2024-25** | दिनांक-18/6/24

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के संमकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 07.07.2024 को 06:00 बजे तक।

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2425WSOB00915 | 2 | PWD2425WSOB00917 |
| 3 | PWD2425WSOB00918 | | |

(आर. कोमीणा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड रामगंजमंडी

DIPR/C/4617/2024

# सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के विरोध में महिलाओं का सांकेतिक धरना प्रदर्शन

## महिलाओं ने धरने में यह प्रण लिया कि सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट को बनने से रोका जायेगा

**कोटपूतली।** ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली पर रविवार को ग्रामीण महिलाओं द्वारा सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। धरने में महिलाओं द्वारा यह प्रण लिया गया कि सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट को बनने से रोका जाये।

इस मौके पर चन्द्रशेखर शर्मा ने

**■ चन्द्रशेखर शर्मा ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के बनने से होने वाले दुष्परिणामों के बारें में बताया।**

सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के बनने से होने वाले दुष्परिणामों के बारें में बताया। धरने पर जिला पार्षद प्रेम देवी, मीना देवी शर्मा, सावित्री देवी, ज्ञानवती यादव, बनारसी यादव, राजवन्ती देवी, गीता देवी शर्मा, मंजू स्वामी, चन्द्रावती देवी, मूर्ति देवी स्वामी, गीता देवी, ललिता शर्मा, सुशीला देवी, भगवती, गीता, सोमवती, संतरा आर्य, सन्तोष, कमलेश, गिरिराज भारती, योगेन्द्र स्वामी, गिरिराज स्वामी, खेमचन्द स्वामी, विक्रम सैन, हिमांशु शर्मा, रोहित स्वामी, गौरव शर्मा, यतिन, लोकेश शर्मा, अनिल भरगड़, राकेश, अतुल समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।



**कोटपूतली के ग्राम चतुर्भुज स्थित श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली पर रविवार को ग्रामीण महिलाओं ने सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के विरोध में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया ।**

## अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भरथला में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड निवाई जिला संघ टोंक के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास व अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटन के बाद प्रधानाचार्य व पीईईओ गिरिराजप्रसाद गुर्जर ने कहा कि नन्ही उम्र में हाथ के हुनर को सिखाना आवश्यक है। शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास, स्वावलंबन महत्ती आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपेश यादव ने कहा कि ग्रीष्म अवकाश के सदुपयोग के लिए अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से युवाओं में स्वावलंबन की परंपरा बढती है। विधायक प्रतिनिधि नंदूसिंह राजावत ने कहा कि स्काउट गाइडिंग कौशल से अनुशासन व आपदा में सहायता के लिए युवाओं को तैयार रहने की आशा की जाती है। शिविर सह प्रभारी सीताराम मीणा ने शिविर में आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी। सिलाई प्रशिक्षक संजू मीणा ने सिलाई प्रदर्शनी में बालक बालिकाओं के योगदान की जानकारी दी। संगीत प्रशिक्षक पप्पूलाल मीणा ने बालकों के द्वारा सीखे गए हारमोनियम वादन व गायन का अद्भूत प्रदर्शन करवाया। सलाई प्रदर्शनी में बालको द्वारा निर्मित वस्त्रों की सभी ने सराहना की।

## निशान यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**पीपलू ।** श्रीचारभुजानाथ मंदिर से श्री भैरवनाथ की 101 वीं पूर्णाहूति, निशान यात्रा में आस्था का सैलाब उमड पड़ा। श्रद्धालु राजेश गौड़ ने बताया कि श्रीजी मंदिर में पूजा अर्चना एवं दर्शन कर झांकी के साथ पैदलयात्रा रवाना हुई। पैदलयात्री हाथों में धर्म ध्वजा, नारियल, अगरबत्ती, प्रसाद, लड्डू, बाटी-बाकला लेकर भैरव बाबा के दर्शनों के लिए रवाना हुए। यात्रा में भैरव देव के भजनों पर बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष एवं युवक उत्साह के साथ नाचते गाते चल रहे थे। करीब तीन घंटे में नाचते-गातेए जयकारें लगाते हुए श्रद्धालु भैरव बाबा के दरबार में पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने बाबा की फूलों से श्रृंगारित झांकी के दर्शन कर मन्नोतियां मांगी। साथ ही भैरवनाथ शिखर पर ध्वज चढ़ाया गया। पूर्णाहूति यात्रा में भैरूंजी महाराज के जयकारों से समूचा कस्बा गूंजायमान हो उठा। इस दौरान श्रद्धालुओं को महाप्रसादी जिमाई गई। इस दौरान प्रधान रतनी देवी चंदेल व सरपंच कविता सैनी ने कहा कि धर्म और आस्था के कारण सभी आमजन एक-दूसरे से जुडे रहते हैं। सभी लोगों को धर्म के कार्य में अधिक से अधिक बढचढकर भाग लेना चाहिए ताकि धार्मिक भावनाएं जीवंत रह सके। धर्म की जड़ हमेशा हरी भरी रहती है। इसलिए धर्म के प्रति लोगों को बढचढकर भाग लेना चाहिए।

## सार-समाचार

### कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत से की मुलाकात



**चाकसू( निस )** रविवार को विधानसभा क्षेत्र से सैनी समाज का प्रतिनिधि मंडल ने कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के सरकारी निवास पर मुलाकात की। महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद अजमेरा के नेतृत्व में समाज के प्रतिनिधि मंडल ने गहलोत के सामने समाज से जुडी विभिन्न समस्याए रखी। मंत्री गहलोत ने विनम्रतापूर्वक सभी की समस्याए सुनी ओर संबंधित अधिकारियो को शीघ्र समाधान के निर्देश दिये। इस दौरान गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन की सेवा के लिए संकल्पबद्ध है और आमजन की सेवा के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले मिलेगे। इस अवसर पर गत दिनो रामपुरा गांव मे आयोजित समाज के सामुहिक विवाह मे मुख्य अतिथि के रूप मे पधारने पर गहलोत को साफा व माला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेट कर आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर सैनी, रामस्वरूप सैनी,बद्री सैनी, महेश सैनी, सत्यनारायण बिलूणिया, कन्हैयालाल सैनी, बाबूलाल सैनी, रामवतार सैनी, दीपक चूलीवाल, विनोद सैनी, महेन्द्र सैनी, रामजीलाल चांदमा, सुरेंद्र सैनी, सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### डोडा पोस्त चुरा सहित एक गिरफ्तार

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्यवाही करते हुये एक अभियुक्त को 250 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चुरा सहित गिरफ्तार किया है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ, शराब के विरूद्ध एवं वांछित अपराधियों के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने हेतु एएसपी नेमसिंह के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में कार्यवाहक थाना प्रभारी श्याम सुन्दर के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम ने मेहनत व लगन से कार्य करते हुये आसूचना संकलन कर कोटपूतली कस्बे से 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त चुरा सहित अभियुक्त मोहन लाल उर्फ मोनू शर्मा (23) पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी लेकड़ी, बानसूर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### जाट समाज की बैठक मंगलवार को

**कोटपूतली।** गोपालपुरा रोड स्थित महाराजा सूरजमल छात्रावास प्रबन्धन समिति एवं जाट समाज की छमाही बैठक मंगलवार 25 जून को प्रात: 10.30 बजे छात्रावास प्रांगण में आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रबन्धन समिति द्वारा पिछले छ: माह का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जायेगा एवं आगामी कार्य योजना पर चर्चा की जायेगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ रहेगें। वहीं बैठक में जिला कोटपूतली-बहरोड के जाट समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

### पं. मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**कोटपूतली।** जनसंघ संस्थापक पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि रविवार को पूरब मंडल में वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में मनाई गई। इस दौरान कसाना समेत कार्यकर्ताओं ने पं. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## पावटा के वार्ड नौ में नाली से बना नाला

**पावटा।** कहने को तो नगर पालिका पावटा प्रागपुरा को आदर्श नगरपालिका का दर्जा प्राप्त है किंतु इस नगरपालिका में पालिका क्षेत्र के पानी के निकास के लिए बनी नालियों का रखरखाव व साफ सफाई जिमेदारी नगर पालिका की होती है। किन्तु पावटा कस्बे के वार्ड न. 9 में पानी के निकास के लिए बनी नाली को नाले का रूप देकर आम रास्ते को बंद करने का कार्य भी पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने ही किया है।

जिससे वार्ड की मुख्य नाली के बंद होने से गंदगी से हाल बहुत बुरा है। नालियों के बीच में नाले पडे होने से समुचित पानी का निकास न होने से इसमे वार्ड का गन्दा पानी लगने या रूके रहने से, इसके सडांध से आस पास रहने वाले लोगों का जीवन नारकीय रह गया है। बावजूद नगर पालिका द्वारा कोई विशेष पहल न किए जाने से दिन प्रतिदिन स्थिति दयनीय होती चली जा रही है। नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे के वार्ड न. 9 मे इस मुख्य नाली की स्थिति यह है कि इसमे नगर के प्लास्टिक व कूडा कचरे से पट चुका है। नाली मे दो नालो को डालकर रास्ता बंद कर सफाई के नाम पर कभी-कभी खानूपूर्ति करते है। नगरपालिका द्वारा सडक निर्माण करने का काफी समय बीत जाने के बावजूद नाले को उपर से पाटने का या इनको हटाकर नाली निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो सका।

इस नाले की सफाई नहीं होने से जहां अनेकानेक जगह प्लास्टिक की थैलियां जमा हो गई वहीं नाले की सडांध से नाले के पास रहने वाले लोगों को विभिन्न प्रकार की संक्र्ामक बीमारियों से भी जूझना पड रहा है किसी समय भयंकर संक्रमक रोग के चपेट में जान गवाने का संभावना बनी रहती है।

## रोटरी क्लब अध्यक्ष को मिले 4 अवार्ड

**मालपुरा** (निस) रोटरी क्लब डिस्ट्रीक अवार्ड सेरेमनी 2०24 समारोह मे रोटरी क्लब मालपुरा सीटी को समाज सेवा के क्षेत्र मे मिले चार अवार्ड। श्री लोक रिसोर्ट भीलवाडा मे आयोजित हुये समारोह मे डिस्ट्रीक गवर्नर रोटेरियन डॉ. निर्मल कुणावत ने रोटरी सीटी अध्यक्ष डॉ. अंकित जैन को बेस्ट वॉकेशनल सर्विस अवार्ड, बेस्ट पोलियो प्लस एक्टीवीटी,हाईस्ट ब्लड डॉनेशन अवार्ड व बेस्ट कम्यूनिस्ट सर्विस अवार्ड से नवाजा गया। मालपुरा क्लब परिवार को समाज सेवा के क्षेत्र मे एक साथ मिले चार अवार्ड पर क्लब परिवार के साथ-साथ सामाजिक संगठनो मे हर्ष की लहर दौड पडी। इसी क्रम मे रोटरी प्रांत 3०56 के वर्ष 2०23-24 के आभार कार्यक्रम मे भीलवाडा प्रान्तपाल निर्मल कुणावत ने रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के पूर्व अध्यक्ष पवन जैन संगम को सर्व श्रेष्ठ प्रान्त रोटरेक्ट कमेटी चेयरमेन के अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## साइन बोर्ड पर ''गुढ़ा साल्ट'' की जगह लिखा ''गुडा सान्ट''

**सांभरझील,** (निसं)। गुढा साल्ट रेलवे-स्टेशन रोड के नवीनीकरण कार्य के बाद साइन बोर्ड पर गुढ़ा साल्ट का वास्तविक नाम बदलकर गुडा सान्ट लिख दिया गया है, इससे साफ जाहिर है कि जिम्मेदारों ने अपनी भूमिका का सही प्रकार से निर्वहन नहीं किया है। बता दें कि गत वर्ष चौसला से गुढ़ा साल्ट रेलवे-स्टेशन तक लगभग सवा आठ करोड की लागत से सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा यहां नवीन रोड बनाई गई थी। जिस पर गुर्जरों के घर के सामने बोर्ड पर गुढा साल्ट कि जगह गुडा सान्ट लिखा हुआ है। ठाामीणों ने बताया कि काम तो शुरू हुआ लेकिन ग्रेवल आदि बिछाने के बाद कुछ महिनों तक काम रूक गया था। इस दौरान हादसों में कई राहगीर चोटिल होने के बाद काम तीव्र गति से पूरा हुआ। वहीं संकेतक बोर्ड भी आनन फानन में लगा दिए गए। जिसमें कई जगहों पर खामियां नजर आई। इसी क्रम में गांवों के नाम भी जल्दबाजी में परिवर्तन कर दिए गए। गुढा साल्ट गौशाला के पास रिप्लेकटरों का अभाव हो गया। गुढा रेलवे-स्टेशन तक दो किलोमीटर में ना तो रिफ्लेक्टर लगे ना ही रेडियम पट्टी बनी।




**पीडब्ल्यूडी की लापरवाही से गुढ़ा साल्ट की जगह गुडा सान्ट कर दिया है।**

## भजनों की प्रस्तुति दी

**शाहपुरा ।** कस्बे के वार्ड नम्बर 5 मालियों की ढाणी में रात्रि को विशाल भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित हुआ। गायक कलाकारों ने सर्व प्रथम गणेश वंदना गाकर के भजनों की शुरुआत की। इसके बाद संपूर्ण रात्री में गायक कलाकार अर्जुन भगत बाँसा, सह गायक ओम प्रकाश अजमेरा, ओरेगन वादक विनोद राणा, नगाड़ा वादक विनोद राणा ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। गायक कलाकार अर्जुन लाल सैनी बाँसा ने दो दिन का मेला मिल ले रे मन मेली, अंजनी तेरा लाला न शाबास पर्वत न उठा ले आया, भवन आजा महाकाली सहित कई भजन सुनाये। इस मौके पर राम किशोर, महेश, कमलेश, विक्रम, लाल चन्द, श्रीराम, रोहिताश्व सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## 'भारत की एकता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अथक प्रयास किए'

**■ डॉ. मुखर्जी की जयंती मनाई**

**पावटा।** जनसंघ के संस्थापक महान देशभक्त डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती रविवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह के संयोजन मे भाजपा मण्डल प्रागपुरा के सभी बुथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, सभी मोर्चा, मंडल कार्यकारिणी, सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपाइयों की उपस्थिति मे व विराटनगर कस्बे के गणेश रोड पर स्थित न्यू सब्जी मंडी के प्रांगण में रविवार को विराट नगर शहर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर के उपाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के मुख्य आतिथ्य एवं महेंद्र सैनी के संयोजन में मनाई गई। भाजपाइयों द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई जहां उनके चित्र पर दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि व श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुय अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक कुलदीप धनकड ने कहा की डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा एक सच्चे देशभक्त के रूप में भारत के विकास में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान दिया गया है। उन्होंने भारत की एकता और अखंडता को निरंतर आगे बढाने के लिए अथक प्रयास ही नहीं किया बल्कि सर्वस्व निछावर कर दिया। उनके अनमोल विचार और आदर्श देश भर में करोडों लोगों को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं। जमू कश्मीर की समस्या को पहचानने, इसके निस्तारण के लिए डा. मुखर्जी ने आवाज उठाई थी। आजादी के बाद सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने देश पर थोपी जा रही अभारतीय तथा आयातित विचारधाराओं का तार्किक विरोध करने वालों में डॉ. मुखर्जी सबसे आगे थे। एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का प्रबल विरोध भी उन्होंने किया था। इस व्यवस्था को खत्म कर कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 37० हटाकर यह कार्य पूरा किया। उनके आदर्श, उनके सिद्धांत हम सभी के लिए मार्गदर्शक और प्रेरणादायी हैं। इस दौरान पावटा प्रधान पूजा चौधरी, पूर्व सरपंच, एलन स्वामी उप प्रधान राजेंद्र सिंह, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, मुखराम धनकड, आशीष धनकड, उपेंद्र सिंह, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, शक्ति सिंह, राजेंद्र गुरुजी, प्रमोद शर्मा, शेरसिंह, सुंदर सिंह, मामराज सोलंकी, महेंद्र सैनी, मंडल महामंत्री सत्यनारायण सैनीं, सहित बडी संया मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बजट को लेकर सीएम को मांग पत्र सौपा

**टोंक ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से 8 सिविल लाइन मुख्य मंत्री आवास पर निवाई पीपलू के विधायक रामसहाय वर्मा, ज़िला प्रमुख सरोज बसल, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल ने मिलकर आगामी बजट में टोंक ज़िले में औधोगिक विकास, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, उपखण्ड एवं तहसील व पंचायत स्तर स्तर पर खेलो के विकास के लिए पर्याप्त बजट स्वीकृत करने के लिय मांग पत्र सौंपा। ग्राम पंचायतो को भी विकास कार्यो के लिए पर्याप्त बजट दिया जाए।जिलाप्रमुख सरोज बंसल ने माननीय मुख्य मंत्री महोदय को अवगत करवाया की टोंक जिले का पर्यटन सर्किल बनाकर विकसित करवाने की भी मांग की। तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती में 50 प्रतिशत प्रतिनिधितव दिए जाने पर आभार जताया।

## 'शिक्षा क्षेत्र में भामाशाह आगे आए'

**निवाई ।** अलियाबाद मोड पर स्थित अखिल हरियाणा गौड ब्राह्मण समाज बालिका छात्रावास में समिति अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। अध्यक्ष ब्रजमोहन शर्मा ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भामाशाहों को आगे आने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि छात्रवास के विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भागेदारी होनी चाहिए। जिला महामंत्री मांगीलाल शर्मा व जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीचन्द शर्मा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास अध्यक्ष पद का चुनाव दिसंबर माह में करने का निर्णय लिया गया। चुनाव के लिए सदस्य बनाने हेतु 225 रसीद बुकें जारी की गई हैं। बैठक में छात्रावास परिसर में नवनिर्मित भवन के प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। बैठक में टोंक तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण शर्मा, शंकरलाल शर्मा, चिरंजीलाल शर्मा, शंभूदयाल, एडवोकेट सुरेशचंद महाराजपुरा, रमेश उपाध्याय सूरिया, रामपाल सिंगवाडिया, रामरूप शर्मा, छीतर पटेल, मीठालाल शर्मा, शंकरलाल शर्मा, गिरिराज संठाामपुरा, कालूराम शर्मा, प्रहलाद जुगलपुरा, रामकिशन गील, सीताराम पचौली गोविंदपुरा, मदनलाल शर्मा व लक्ष्मीप्रसाद चैनपुरा सहित कई लोग मौजूद थे।

## जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई



**कोटपूतली विधायक कार्यालय पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई ।**

**कोटपूतली।** स्थानीय विधायक कार्यालय पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान विचार के पुरोधा श्रद्धेय मुखर्जी ने कश्मीर से धारा-370 को हटाने के लिए व्यापक आंदोलन किया। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए उन्हें अपने प्राण त्यागने पड़े। माँ भारती की सेवा के लिए वे सदैव याये किये जायेगें। पीएम मोदी ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी का सपना साकार किया है एवं देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। देश की एकता व अखण्डता के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर देने वाले डॉ. मुखर्जी के आदर्श, मूल्य व सिद्धांत हम सभी के लिए आज भी अनुकरणीय हैं।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री गोपाल अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष शशी मित्तल, विधानसभा संयोजक विक्रम सिंह तंवर, उत्तर मंडल अध्यक्ष रमेश रावत, पूरब मंडल संयोजक विक्रम कसाना, नगर मंडल संयोजक अरुण सैनी, विधायक प्रतिनिधि करण पटेल, जयराम सिंह गुर्जर, दिनेश कमांडेंट, चेतराम रावत, सोनू चौधरी, कमलेश छावड़ी, कमल पटेल, देशराज गुर्जर, अशोक मान, सुनील चौधरी, अमीचंद आर्य, कृष्ण गुर्जर, दुलीचंद मान, रघुवीर गोयल, मनोज अग्रवाल, झाबरमल रावत, रघुवीर प्रसाद शर्मा, महेश निर्वाण, मनोज सोनी, राजेश दीक्षित, घासीराम रावत, जोधाराम, ख्यालीराम गुर्जर, मूलचंद सूबेदार, प्रमोद शर्मा, कैलाश समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंदिर में चोरी का विरोध

**निवाई ।** पुलिस थाना निवाई में झिलाय के ठाामीणों ने क्षेत्र में हो रही चोरियों को लेकर थानाधिकारी हरिराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया कि निवाई-बौंली रोड़ स्थित सिंदरा दरवाजा के बालाजी मंदिर में गत दिनों से आए दिन चोरियां हो रही है। जिससे श्रद्धालूओं में गहरा रोष व्याप्त है। मंदिर पुजारी विकास गौत्तम ने बताया कि मंदिर में आए दिन कुछ न कुछ वस्तुओं की चोरियां हो रही है। जिसको लेकर श्रद्धालूओं ने जिला परिषद सदस्य नरेश नायक के नेतृत्व में थाना अधिकारी हरिराम वर्मा से मिलकर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर मिलकर परिवाद सौंपा है। परिवाद में बताया कि पिछले काफी समय से बालाजी मंदिर में रखा चढ़ावे का अनाज व ज्वार की 5-7 बोरिया व गत दो दिन पूर्व बालाजी मंदिर में लगा 6 किलो का तांबे का घंटा अज्ञात चोर चुराकर ले गए है। जिससे श्रद्धालूओं में गहरा रोष व्याप्त है। थाना अधिकारी को बताया कि गांव में कुछ नशेड़ी लोग ऐसी हरकत कर सकते है। ग्रामीणों ने थानाधिकारी से चोरियों पर लगाम लगाने व नशे में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। इससें पूर्व सिंदरा दरवाजा स्थित बालाजी मन्दिर मे जिला परिषद सदस्य नरेश नायक की सूचना पर हेड कांस्टेबल महावीर गुर्जर को बुलवाकर गत दिनों हुई चोरी की वारदात का मौका मुआयना करवाया। पुलिस द्वारा जल्दी ही चोरों को पकडने का आश्वासन दिया। इस दौरान पुजारी विकास गौत्तम, एडवोकेट राकेश मिश्रा, मनोज, अजय शर्मा, विष्णु, मनमोहन, ऋषिराज, मीठा लाल व चेतन सोनी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद के जनक : अशोक गुप्ता

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर दक्षिण द्वारा सभी 6 विधानसभाओं के 30 मंडलों में डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

इस क्रम में विवेकानंद मंडलअलवर शहर मे भी कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता उपस्थित रहे

अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रवाद की विचारधारा के जनक थे जम्मू कश्मीर के अंदर धारा 370 के प्रबल विरोधी थे उनके द्वारा राष्ट्रवाद का जो विचार दिया गया वह आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए अनुसरणिय है

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी दो निशान दो विधान दो प्रधान के सदैव विरोधी थे उन्होंने अपने जीवन में धर्म, पंथ, जाति एवं लिंग के आधार पर भेदभाव का विरोध किया और राष्ट्रवाद के विचारधारा के अंतर्गत इस देश को एक सूत्र में पिरोने का विचार रखा।

कार्यक्रम को चिकित्सा प्रपोज जिला अध्यक्ष डॉक्टर केके शर्मा जिला प्रवक्ता जितेंद्र गोयल पूर्व मंत्री दीपक पंडित ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने किया ।इस अवसर पर जिला प्रवक्ता हुकूम फागना,पार्षद सीताराम चौधरी लोचन यादव रमाकांत यादव कार्यक्रम संयोजक विजय कोली सहसंयोजक महेश सैनी मंडल महामंत्री राकेश यादव उपाध्यक्ष महेंद्र यादव आशीष अरोडा दीपक शर्मा ,मंत्री विकास शर्मा , अवधेश माथुर, घनश्याम गुप्ता,मधु आर्य रामप्रताप सैनी, युधिष्ठिर गांधी , विजय सिंह राजपूत, सहीत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।



**डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्य वक्ता के रूप में जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए।**




*प्रदेश की भजनलाल सरकार बजट तैयार करने की कवायद में जुट गई है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को धौलपुर जिले के बाड़ी स्थित ग्राम बिजोली में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित किया।*

# ‘अंत्योदय की संकल्पना को साकार करने में एन.जी.ओ. एवं सिविल सोसायटी की अहम भूमिका’

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एन.जी.ओ., सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद किया

जयपुर, 23 जून (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एन.जी.ओ., सिविल सोसायटी एवं उपभोक्ता फोरम प्रतिनिधियों से बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में एन.जी.ओ. एवं सिविल सोसायटी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि, एन.जी.ओ. तथा सिविल सोसायटी के सदस्य जमीनी स्तर पर काम कर अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि, सामाजिक संगठनों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, शिक्षा, पोषण, घुमंतू एवं अद्धर्घुमंतू कल्याण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में काम करने का अनुभव होता है। इस बजट पूर्व चर्चा में प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों का परीक्षण कर उन्हें आगामी परिवर्तित बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य सरकार का प्रयास है कि समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट को समावेशी एवं जनोन्मुखी रूप प्रदान किया जाए। इसके लिए स्वयंसेवी संगठनों तथा सिविल सोसायटी की भागीदारी भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि, "सबका साथ-सबका विकास" की मूल भावना के साथ सभी हितधारकों से आगामी परिवर्तित बजट के लिए उपयोगी फीडबैक लिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान, महिलाओं को समान अवसर, गरीब कल्याण, किसानों का सामाजिक-आर्थिक विकास, युवा कल्याण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि, प्रदेश का युवा नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा निरंतर जन-जागरूकता से लेकर नशा माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, विस्तार तथा सहज उपलब्धता के लिए नीति निर्माण कर रही है। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाने का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है।

- **संवाद में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजअभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्तअखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।**

बैठक में एन.जी.ओ., सिविल सोसायटी तथा उपभोक्ता फोरम के प्रतिनिधियों ने सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास, अवसंरचना विकास, आदिवासी कल्याण, घुमंतू कल्याण, स्वरोजगार, गौसेवा, कचरा प्रबंधन, उपभोक्ता हितों के संरक्षण आदि संबंधित विषयों पर सुझाव साझा किए।

बजट पूर्व संवाद में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजअभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्तअखिल अरोरा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय)शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य बजट में शामिल किए जाएंगे शिक्षकों के सुझाव: भजनलाल शर्मा

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने धौलपुर जिले के बाड़ी स्थित ग्राम बिजोली में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित किया

धौलपुर/जयपुर, 23 जून (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को धौलपुर जिले के बाड़ी स्थित ग्राम बिजोली में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के प्रदेश महासमिति अधिवेशन को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि, शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना और संस्कारों का समावेश कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा कि, शिक्षक अपने शिष्य का मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत होता है। विद्यार्थी स्कूल में जो कुछ सीखते हैं वह उनके जीवन को दिशा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्राचीन काल से ही हमारे समाज में शिक्षक का महत्व सर्वोपरि रहा है। हमारी संस्कृति में गुरु-शिष्य परम्परा का विषय स्थान हैं। कबीर दासजी ने तो गुरु गोविन्द दोउ खड़े... दोहे के माध्यम से गुरु की महत्ता ईश्वर से भी अधिक बताई है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, राजस्थान सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में सरकारी स्कूलों के बनुयादी ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने तथा शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है। इससे विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक की मदद से उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि, सरकार ने सभी वंचित वर्गों को शिक्षा मुहैया करवाने के लिए अंतरिम बजट में अल्प आय वर्ग, लघु/सीमांत/ बंटाईदार किसानों और खेतीहर श्रमिकों के बच्चों को के.जी. से पी.जी. तक की नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान किया है।

- **मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, राजस्थान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने तथा शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है।**

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि, राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए अपने आगामी बजट में शिक्षकों से उनके सुझाव आमंत्रित किए हैं। सर्वश्रेष्ठ सुझावों को सरकार बजट में शामिल करेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार हो रहे हैं। विद्यार्थियों में रचनात्मकता और समस्या समाधान का कौशल विकसित करने के लिए केन्द्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लाई है। यह शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय शुरू करेगी और शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुखी बनाने तथा विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। इस नीति के सफल क्रियान्वयन से भारत एक ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। शर्मा ने कहा कि, वर्ष 2014 के बाद देश में उच्च शिक्षा संस्थानों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आज देश में 21 आई.आई.एम., 23 आई.आई.टी., 22 एम्स हैं। पिछले 10 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी लगभग दोगुनी हो गई है। हमारे प्रमुख संस्थानों के कैम्पस विदेशों में भी खुल रहे हैं। अबूधाबी में आई.आई.टी. दिल्ली तथा तंजानिया में आई.आई.टी. मद्रास का कैम्पस शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, शिक्षक संघ का भी दायित्व है कि, वे शिक्षकों के हितों के साथ-साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि, वर्तमान समय में तकनीकी विकास के साथ ही शिक्षण विधियों में बदलाव लाने की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि, शिक्षकों की नागरिक होने के साथ ही शिक्षक के रूप में समाज के प्रति दोहरी जिम्मेदारी है। वे अपने आस-पास के प्रत्येक वंचित और जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए कहा कि, उनका जीवन राष्ट्र के लिए पूरी तरह समर्पित था। डॉ. मुखर्जी ने कश्मीर मुद्दे पर राष्ट्रवाद को सर्वोपरि रखते हुए तत्कालीन कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाई।

कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने कहा कि, शिक्षक राष्ट्र को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि, आधुनिक शिक्षा पद्धित में राष्ट्रीयता का समावेश आवश्यक है, जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित हो।

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेन्द्र कपूर सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शिक्षक तथा आमजन उपस्थित रहे।

## ग्रेस मार्क्स पाने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर जारी विवाद के बीच एनटीए की ओर से यह सफाई दी गई है। एक सीनियर अधिकारी ने कहा, ‘एनटीए की वेबसाइट और इसके सभी वेब पोर्टल पूरी तरह सुरक्षित हैं। इनके हैक होने की जानकारी गलत और भ्रामक है।’ ऐसे में छात्रों को इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।

बता दें कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी में कथित अनियमितताओं के बाद एनटीए की नौकरशाही में फेरबदल को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। कांग्रेस ने इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर रविवार को निशाना साधा। ऐसा कहा गया कि इसकी जिम्मेदारी दूसरों पर डालने के बजाय सरकार के शीर्ष नेतृत्व को खुद लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि एनटीए को स्वायत्त निकाय बताया गया, लेकिन असल में इसे भारतीय जनता पार्टी/राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुटिल हितों को पूरा करने के लिए बनाया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, ‘नीट घोटाले की जिम्मेदारी मोदी सरकार के शीर्ष नेतृत्व को लेनी चाहिए। नौकरशाही में फेरबदल करना भाजपा की ओर से बर्बाद की गई शिक्षा प्रणाली की समस्या का समाधान नहीं है।’

# कन्नौज: एक्सप्रेसवे से फिसलकर बस नीचे गिरी, 14 की हालत गंभीर

## ड्राइवर को झपकी आने से यह हादसा हुआ, बस में 45 लोग सवार थे

कन्नौज 23 जून (वार्ता) उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार सुबह सवारियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गई। दुर्घटना में 25 यात्री घायल हुए जिनमें से 14 की हालत गंभीर बनी हुई है।

जौनपुर से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज के सौरिख थाना क्षेत्र के किलोमीटर संख्या 159 के पास अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरी। घटना सुबह 4 बजे की है। हादसे की सूचना मिलने पर छिबरामऊ सीओ ओमकार नाथ शर्मा पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। गम्भीर रूप से घायल 14 लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जबकि मामूली घायल 11 लोगों को सीएचसी सौरिख में भर्ती कराया है। हादसे के समय बस में कुल 45 लोग सवार थे। मौक़े पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के अनुसार चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है।

- **ड्राइवर को झपकी आने से बस अनियंत्रित हो गई और एलिवेटेड पुलिया की रेलिंग से नीचे गिर गई।**

दुर्घटना में घायल हुए लोगों में शामिल हैं: जंग बहादुर पुत्र कंचन राम यादव (52) निवासी ग्राम मुलनापुर थाना बदलापुर जिला जौनपुर, लकी बिंद पुत्र यशवंत बिंद (18) निवासी ग्राम रसड़ा थाना बरदह जिला आजमगढ़, इशिका पुत्री पंकज कुमार (08) निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, सत्यम पत्नी पंकज कुमार (33) वर्ष निवासी शिशवा रामपुर थाना बेताना जिला अंबेडकरनगर, आराधना पुत्री कृपा शंकर (26) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा, फरहान पुत्र कल्बे आबिद उमर (25) निवासी कायामुद्दीनपुर शेखपुरा थाना अकबरपुर अम्बेडकर नगर, काजल तिवारी पुत्री राहुल तिवारी (26) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राहुल तिवारी पुत्र विजय तिवारी (29) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, राघव तिवारी पुत्र राघवेंद्र तिवारी (9 माह) निवासी तिवारीपुर थाना रामपुर जिला जौनपुर, इला द्विवेदी पुत्री राघवेंद्र प्रसाद (24) निवासी ऊंचगांव थाना धमोर जिला सुल्तानपुर, विकास मौर्य पुत्र रमेश चंद्र मौर्य (24) निवासी रामदासपुर निवादा थाना लाइन बाजार जिला जौनपुर, पूर्णिमा मौर्य पत्नी सुनील कुमार मौर्य (26) निवासी बरसठी थाना बरसठी जिला जौनपुर, शिवम पुत्र राधेगोपाल (24) निवासी पार्वती कॉलोनी फरीदाबाद हरियाणा शामिल हैं।

## सूरसागर में उपद्रव के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व्यक्ति ने बनाया। दावा है कि, पुलिस वालों की मौजूदगी में लोग पथराव करते रहे। दरअसल, सूरसागर थाना इलाके के राजाराम सर्कल स्थित ईदगाह के मुख्य गेट के पास कुछ दुकानें हैं। गुरुवार को गेट निकालने का काम शुरू किया गया था। बस्ती में रहने वाले कुछ लोग गेट निकालने का विरोध जता रहे थे। दो दिन में दो बार दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका था। पुलिस ने मामला शांत करवा दिया था। रविवार तक इलाके में धारा 144 लागू है। लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई। अधिकारी इलाके में विजिट कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात को हुए उपद्रव में लोग छतों से पथराव कर रहे थे। इसमें 16 पुलिसकर्मी फंस गए। दो बार पुलिस के जवान पीछे हटे, आंसू गैस के गोलों का भी कोई असर नहीं हुआ। आधे घंटे बाद अतिरिक्त जाब्ता आया तो पुलिसकर्मियों की जान बची। पथराव में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना के थानाधिकारी नितिन दवे और शास्त्रीनगर थाना के सब इंस्पेक्टर शैतान सिंह भी घायल हुए। पथराव-आगजनी के बाद लोग सहमे हुए हैं। शनिवार को डर के मारे लोग घरों से बाहर नहीं निकले। सूरसागर क्षेत्र में सन्नाटा पसरा रहा और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। हालांकि, पुलिस का एक्शन भी सवालों का घेरे में हैं।

उपद्रव के बाद शनिवार को भी दिन भर भारी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा। जानकारी के अनुसार ईदगाह का विवाद 15 साल पुराना है।

## जमानत रद्द ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में अपनी एक याचिका लगा दी थी। ईडी की तरफ से कहा गया था कि ट्रायल कोर्ट के आदेश की कॉपी उन्हें नहीं मिली है और ईडी को जमानत याचिका का विरोध करने का पूरा मौका नहीं मिल सका। हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को जमानत देने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। जमानत का विरोध कर रही ईडी की याचिका पर सुनवाई करने के बाद ही निचली अदालत का आदेश प्रभावी होगा। ईडी की तऱफ से दलील पेश करते हुए ए.एस.जी. एस.वी राजू ने कहा था कि, तथ्यों के आधआर पर मेरा मामला काफी मजबूत है और मुझे निचली अदालत द्वारा लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए 2-3 तीन का समय नहीं दिया गया।

# ‘पूर्वोत्तर में 50 बड़े तालाब बनाने होंगे, ताकि, असम जैसे राज्यों में बाढ़ से बचा जा सके’

नई दिल्ली, 23 जून। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मॉनसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की। इस दौरान शाह ने कहा कि जो नदियां बारहमासी नहीं हैं, उनमें मिट्टी का कटाव अधिक होता है और गाद जमना बाढ़ का कारण बन जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि नदियों के जलस्तर के पूर्वानुमान को अपग्रेड कर बाढ़ की समस्या को कम करने के प्रयास हों। बाढ़ की स्थिति में जलजमाव से निपटने के लिए सड़क निर्माण के डिजाइन में ही प्राकृतिक जलनिकासी को शामिल किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में कम से कम 50 बड़े तालाब बनाकर ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ने की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे बाढ़ से निजात मिले और कृषि, सिंचाई व पर्यटन विकसित हों। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा मिलेगा।

- **गृह मंत्री अमित शाह ने देश के विभिन्न हिस्सों में आने वाली बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि, ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को मोड़ना नितांत जरूरी हो गया है।**

अमित शाह ने पिछले साल लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की। इसके साथ ही सभी एजेंसियों की ओर से अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों और उनके नेटवर्क के विस्तार पर भी चर्चा हुई। उन्होंने बादल फटने से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए इसरो की ओर से उपलब्ध कराए गए चित्रों के विभिन्न एजेंसियों के अधिकतम इस्तेमाल पर भी बल दिया गया। गृह मंत्री ने कहा कि भारत का आपदा प्रबंधन जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को बाढ़ प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी परामर्श को समय पर लागू करने की अपील की। गृह मंत्री ने मौसम विभाग और केंद्रीय जल आयोग को निर्देश दिया कि वर्षा और बाढ़ चेतावनी में उपयोग होने वाले उपकरणों की जांच होनी चाहिए। शाह ने सिक्किम और मणिपुर में हाल ही में आई बाढ़ का विस्तृत अध्यन कर गृह मंत्रालय को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

## तीस्ता प्रोजैक्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

फैसला किया है। वार्ता में मोदी और हसीना ने रक्षा उत्पादन और बांग्लादेशी सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया तथा आतंकवाद एवं कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।

## कोच्चि एयरपोट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की गोलियां निकाली गईं। डीआरआई के अधिकारी ने कहा, दोनों के पेट से करीब 100 कैप्सूल बरामद किए और जांच में सभी में कोकीन पाया गया। कुल 1,945 ग्राम कोकीन जब्त की गई, जिसकी कीमत 19 करोड़ रु. बताई जा रही है।

## गाजियाबाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और 16 वर्षीय हिमानी थीं। इस मकान में निर्माण का काम भी चल रहा था।

रविवार सुबह बागमती खाना बना रही थीं। नाथूराम के दामाद सोनू गेट को काट रहे थे और उनके ठीक पीछे एलपीजी सिलेंडर रखा हुआ था। सिलेंडर में लीकेज के कारण गेट काटने से चिंगारी निकली और उस ने आग पकड़ ली। इसके बाद आग पूरे कमरे में फैल गई कमरे में मौजूद सभी लोगव इसकी चपेट में आगए। घर से आग की लपटें उठती देख आसपास पड़ोस के लोग वहां पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश करने लगे। लेकिन इससे पहले कि कमरे की आग बुझती बागमती, प्रियंका, हिमानी, मुकेश, सोनू और अंकित गंभीर रूप से झुलस चुके थे। आग बुझाने के दौरान नाथूराम को भी चोट लगी। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# इसरो ने पुष्पक विमान की तीसरी सफल लैंडिंग कराई

## इसरो की यह सफलता इसलिए खास है क्योंकि, इस उपलब्धि ने इसरो रियूजेबल लॉंचिंग व्हीकल बनाने की महारत को और पुख्ता कर दिया है, इसरो अब स्पेस प्रोग्राम में काम आने वाले सभी लॉन्चिंग व्हीकल को रियूज कर सकेगा

नई दिल्ली, 23 जून। इसरो ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने आरएलवी पुष्पक की सफल लैंडिंग कर दी है। इसरो ने रविवार 23 जून को रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की लगातार तीसरी बार लैंडिंग एक्सपेरिमेंट में सफलता हासिल की। इससे पहले 22 मार्च को इसरो ने इसकी दूसरी सफल लैंडिग की थी। रविवार को लैंडिंग के बाद इसरो ने कहा कि लैंडिंग के लिए काफी मुश्किल परिस्थितियां पैदा की गई थी लेकिन, चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में तेज हवाओं के बीच ऑटोमैटिक लैंडिंग कराई गई।

जानकारी के अनुसार, इसरो की तरफ से आरएलवी पुष्पक विमान का परीक्षण सुबह 7.10 बजे बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लाकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में किया गया था। विमान को भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर लैंडिंग के लिए छोड़ा गया।

इसरो की आरएलवी परियोजना एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। यह अंतरिक्ष में मानव की निरंतर उपस्थिति की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगा। भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए यह मिशन बेहद जरूरी है। आरएलवी एलईएक्स 03 का उद्देश्य वाहन के प्रदर्शन, मार्गदर्शन और लैंडिंग क्षमताओं में सुधार करना है। आरएलवी को विकसित करने वाले विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) के निदेशक एस उन्नीकृष्णन नायर ने कहा कि दूसरी लैंडिंग की तुलना में, आरएलवी-एलईएक्स3 अधिक चुनौतीपूर्ण रहा क्योंकि एलईएक्स-02 के दौरान लगभग 150 मीटर की तुलना में इस बार इसका परीक्षण 500 मीटर के साथ किया गया।

- **रविवार को लैंडिंग के बाद इसरो ने कहा कि लैंडिंग के लिए काफी मुश्किल परिस्थितियां पैदा की गई थी लेकिन, चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में तेज हवाओं के बीच ऑटोमैटिक लैंडिंग कराई गई।**
- **वायूसेना के चिनूक हैलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर ऊपर से पुष्पक विमान को नीचे छोड़ दिया गया और विमान स्वतः ही हवा में झूलते हुये जमीन पर लैण्ड हो गया।**

लैंडिंग के बाद इसरो ने कहा, आरएलवी-एलईएक्स-03 की अधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थियों में तेज हवाओं के साथ ऑटोमैटिक लैंडिंग कराई गई। आरएलवी पुष्पक वाहन को भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई पर छोड़ा गया था। इसरो ने कहा, "कम लिफ्ट-टू-ड्रैग अनुपात के कारण लैंडिंग की रफ्तार 320 किमी प्रति घंटे से अधिक थी। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक कमर्शियल विमान की लैंडिंग रफ्तार 260 किमी प्रति घंटे रहती है। जबकि एक लड़ाकू विमान की लैंडिंग रफ्तार 280 किमी प्रति घंटे रहती है।"

## ‘राहुल गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अनुसूचित जाति से हैं। वह इस घटना की निंदा करती हैं। मालूम हो कि कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 53 हो गई।

निर्मला सीतारमण ने कहा, मैं हैरान हूं कि कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला। ऐसे राज्य में जहां सरकार की ओर से संचालित तस्माक दुकानों से लाइसेंसी शराब मिलती है, उसके बावजूद कलाकुरची शहर के बीच में केमिकल आधारित अवैध शराब परोसी जाती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहां हैं, राहुल गांधी कहां हैं। वह दक्षिण से सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ते हैं क्योंकि उन्हें भरोसा है कि वह जीतेंगे। तमिलनाडु में द्रमुक के साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं और जब जहरीली शराब से दलित मर रहे हैं तो एक बयान नहीं आता।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908